RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 31 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

## अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें, 2025 में भारत में इन दिनों शराब नहीं मिलेगी




नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** भारत पहले से ही जीवंत त्योहारों, भव्य समारोहों और शराबबंदी वाले दिनों से भरे एक साल के लिए तैयार है ! हां, आपने सही पढ़ा। शराबबंदी वाले दिन, कभी-कभार मिलने वाले शराब-मुक्त ब्रेक, भारत के सांस्कृतिक और विनियामक परिदृश्य का एक अभिन्न अंग हैं। चाहे आप पार्टी के शौकीन हों, शराब के शौकीन हों या फिर बस एक आम सामाजिक व्यक्ति हों, यह जानना महत्वपूर्ण है कि शराबबंदी वाले दिन कब हैं। तो, अपने कैलेंडर पर निशान लगाएं और 2025 में शराबबंदी वाले दिनों को नोट कर लें, क्योंकि जब भारत के शराबबंदी कानूनों की बात आती है, तो समय ही सब कुछ है !

## बर्खास्तगी नोटिस मिलने के कुछ दिनों बाद नागपुर में पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या



नूना न्यूज एजेंसी।

**नागपुर।** सेवा से बर्खास्तगी का नोटिस मिलने के कुछ दिनों बाद एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने नागपुर शहर में ईवीएम रखने वाले स्ट्रांग रूम में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एएसआई रामचंद्र नानाजी रोहनकर (54) ने मंगलवार रात कलमना इलाके के स्ट्रांग रूम में (जहां उनकी ड्यूटी थी) जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कलमना पुलिस थाने के अधिकारियों ने बताया कि हुडकेश्वर निवासी रोहनकर की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिसकर्मी के परिवार ने दावा किया कि 2024 की एक घटना से जुड़ा बर्खास्तगी नोटिस मिलने के बाद वह अवसादग्रस्त था। उन्होंने बताया कि पिछले साल रोहनकर और हेड कांस्टेबल भूषण रामचंद्र बालखोड़े शहर के एक रेंस्तरा निमजे साओजी भोजनालय में हुए विवाद में शामिल थे। शराब के नशे में उन्होंने रेंस्तरा के मालिक पर हमला किया और घटना का वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस उपायुक्त रविंदर कुमार सिंघल ने उन्हें निलंबित कर दिया।

## बिहार में 730.59 करोड़ की दो रेल लाइन परियोजनाओं पर जल्द शुरू होगा काम



नूना न्यूज एजेंसी।

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलने के बाद कहा कि बिहार में बिहटा - औरंगाबाद और सुल्तानगंज - देवघर रेलवे लाइन के निर्माण की कुल 730.59 करोड़ रुपये से अधिक लागत की दो परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा। चौधरी ने कहा कि 290 करोड़ की लागत से सुल्तानगंज -देवघर के बीच नयी रेल लाइन (78.08 किमी) बनने से श्रावणी मेले में जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। इस रेलवे लाइन के चालू होने पर सुल्तानगंज, असरगंज, तारापुर, बेलहर और देवघर के लोग सीधे रेल सम्पर्क से जुड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार अनुग्रह नारायण रोड से औरंगाबाद (12.90 किलोमीटर) नई रेल लाइन के लिए 440.59 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर चुकी है। यह लाइन बिहटा-औरंगाबाद नई लाइन का ही एक भाग है। इस से राजधानी पटना और औरंगाबाद की दूरी मात्र डेढ़-दो घंटे में तय हो जाएगी। इस रेल मार्ग के लिए 14 स्टेशन प्रस्तावित हैं।

**>> दिल्ली के चार क्षेत्रों में चुनाव प्रचारक**

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने रेल मंत्री से भेंट के बीच समय निकाल कर बुधवार-गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के चार क्षेत्रो में एनडीए के पक्ष में चुनाव सभाओं को संबोधित किया और दावा किया कि इस बार इस राजधानी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। लोग केजरीवाल की आपदा सरकार से मुक्ति पाने का फैसला कर चुके हैं। उन्होंने संगम विधान सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चंदन कुमार चौधरी, रिठाला सीट से प्रत्याशी कुलवंत राणा, सुल्तानपुर माजरा सीट से प्रत्याशी करमवीर कर्मा तथा किराड़ी के प्रत्याशी बंजरग शुक्ला के पक्ष में प्रचार किया।

## कांग्रेस और बीजेपी में इलू-इलू हो रहा है

# दिल्ली के रण में अखिलेश को साथ लेकर केजरीवाल का रोड शो



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और आप के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल ने किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो के दौरान कहा कि इस बार हो सकता है कि दिल्ली में भाजपा सभी 70 सीटें हार जाए। मैं कह सकता हूं कि दिल्ली में एक बार फिर बनेगी आप की सरकार, आप का सुशासन भाजपा के कुशासन को हराने का काम करेगा। आप के सभी काम ऐतिहासिक हैं। आप द्वारा लिए गए तमाम फैसले दिल्ली की गरीब और आम जनता को लाभ पहुंचाने के काम कर रहे हैं। दिल्ली की जनता जानती है कि यदि आप रहेगी तो उन्हें सभी सुविधाएं मिलती रहेंगी। आप की सरकार एक बार फिर दिल्ली में बनने जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी में इलू इलू हो रहा है। कांग्रेस को वोट देना मतलब बीजेपी को वोट देना है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और नई दिल्ली विधानसभा सीट से उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री दिल्ली में जहां रहते हैं, कपूरथला हाउस में उनका निवास है। वहां पर रेड की जा रही है। मुझे समझ नहीं आता है कि पैसे तो बीजेपी के नेता बांट रहे हैं वे खुलेआम बांट रहे हैं लेकिन रेड पंजाब के मुख्यमंत्री के यहां पर हो रही है ये कहां का राज है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली पुलिस को लेकर एक बड़ा आरोप लगाया है। आप का कहना है कि दिल्ली पुलिस की एक टीम पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के राजधानी स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर आक्रोश व्यक्त किया और दिल्ली पुलिस पर भाजपा द्वारा कथित कदाचार को नजरअंदाज करते हुए एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को गलत तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर छापेमारी करने पहुंची है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



## क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## मोहन भागवत ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे

नूना न्यूज एजेंसी।




**ओडिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत बृहस्पतिवार को ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। इस दौरान वह एक स्मृति सभा में शामिल होंगे और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। भागवत अपराह्न लगभग एक बजे बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां आरएसएस पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा के बीच वह शहर के मंचेश्वर इलाके में उत्कल बिपन्ना सहायता समिति कार्यालय पहुंचे। उनका शाम छह बजे भुवनेश्वर में पूर्व प्रांत संघ चालक शिवराम महापात्र की स्मृति सभा में शामिल होने का कार्यक्रम है। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी सुमंत कुमार पांडा ने बताया कि भागवत राज्य में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड 2025 में उत्तराखंड की झांकी को मिला तीसरा स्थान

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न राज्यों की झांकियों में उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल झांकी को पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिये पुरस्कृत किया गया. नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में गुरुवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने यह पुरस्कार प्रदान किया. यह पुरस्कार उत्तराखंड की ओर से सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी और झांकी के टीम लीडर/संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निदेशों पर सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल थीम पर यह झांकी तैयार की गई थी. गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हाथ हिलाकर उत्तराखंड की झांकी का अभिवादन किया था। इस वर्ष उत्तराखण्ड के लिए गणतंत्र दिवस उपलब्धियों भरा रहा है. भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता कराई जाती है, जिसमें एक दल को केवल साढ़े तीन मिनट का समय दिया जाता है. निर्धारित समय में अपने राज्य की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करने होते हैं. जिसमें, उत्तराखंड के कलाकारों ने प्रसिद्ध जागर गायन एवं लोकनृत्य छपेली प्रतियोगिता की प्रस्तुत दी गई.इस प्रसिद्ध जागर गायन एवं लोकनृत्य छपेली में उत्तराखंड की लोक संस्कृति की झलक को समिति द्वारा बहुत पसंद किया गया. जिसके कारण उत्तराखंड को यह पुरस्कार प्राप्त हो सका. इसके बाद कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल' पर आधारित उत्तराखंड की झांकी को भी लोगों की पसंद के आधार पर देश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य गठन के बाद से गणतंत्र दिवस समारोह में अब तक उत्तराखंड को तीन पुरस्कार मिले हैं, जिनमें वर्ष 2021 में केदारखंड झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, वर्ष 2023 में मानसखंड झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और वर्ष 2025 में सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल झांकी को पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश-विदेश के लोग सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल के साथ ही उत्तराखंड की लोक संस्कृति से भी परिचित हुए हैं. मुख्यमंत्री ने झांकी को पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रदेशवासियों, सूचना विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, झांकी बनाने वाले कलाकारों और झांकी में सम्मिलित सभी कलाकारों को बधाई दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे: फडणवीस

**महाराष्ट्र।** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 फरवरी को यहां आयोजित होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। फडणवीस ने यहां पुराने महाराष्ट्र सदन में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के शिविर कार्यालय के उद्घाटन के बाद ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने पर सहमति जताई है, जो 1960 में महाराष्ट्र राज्य के निर्माण के बाद पहली बार राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। दुनिया भर के मराठी साहित्यकारों का यह वार्षिक सम्मेलन आखिरी बार 1954 में दिल्ली में आयोजित किया गया था और उस समय प्रख्यात संस्कृत विद्वान लक्ष्मण शास्त्री जोशी सम्मेलन के अध्यक्ष थे। सम्मेलन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। लेखिका और लोक संस्कृति शोधकर्ता तारा भवालकर को सम्मेलन के 98वें संस्करण का अध्यक्ष चुना गया है, जो इस पद पर आसीन होने वाली छठी महिला हैं। सम्मेलन की अवधि के दौरान तालकटोरा स्टेडियम का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज साहित्य नगरी रखा जाएगा तथा जिस सभागार में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, उसका नाम बाबासाहेब आंबेडकर के नाम पर रखा जाएगा। सम्मेलन में 5,000 से अधिक साहित्य प्रेमियों के भाग लेने की उम्मीद है।

## महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ के बाद कैसे थे हालात




नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में बुधवार को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के मौके पर मची भगदड़ में 30 लोगों की जान जा चुकी है. भगदड़ में घायल हुए 60 लोगों का इलाज चल रहा है. मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम पर कितनी भीड़ थी, इसकी सैटेलाइट तस्वीरें सामने आई हैं. NDTV को मिली ये सैटेलाइट तस्वीरें भगदड़ के बाद की हैं. सैटेलाइट इमेजेस से पता चलता है कि प्रयागराज में हजारों श्रद्धालु अमृत स्नान करने के लिए गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती नदी के संगम यानी त्रिवेणी तट के करीब थे. हालांकि, भगदड़ के बाद अमृत स्नान को काफी देर के लिए रोक दिया गया था। इनमें से एक सैटेलाइट तस्वीर में 'संगम नोज' दिखाई दे रहा है, जो यमुना, गंगा और सरस्वती का संगम स्थल है. सैटेलाइट इमेजेस में हजारों श्रद्धालुओं को अमृत स्नान के लिए लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते देखा जा सकता है. संगम तट से कुछ मीटर की दूरी पर एक घेरा बनाया गया है, जो नावों से घिरा हुआ है. यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान करते हैं। आमतौर पर मेला क्षेत्र से एक किलोमीटर दूर बने टेंट सिटी में ही श्रद्धालुओं को ठहरने के निर्देश दिए गए हैं. लेकिन ये सैटेलाइट तस्वीरें दिखाती हैं कि कैसे भीड़ 'संगम नोज' की ओर बढ़ रही है. तस्वीरों में संगम के आसपास सैकड़ों नावों को भी देखा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार की आधी रात करीब 1 बजे लोगों ने संगम तट पर आगे आने के लिए बैरिकेड्स तोड़ दिए. कुछ लोग कूदकर आगे आने की कोशिश कर रहे थे. इस धक्का-मुक्की में कई लोग गिर पड़े. जो लोग जमीन पर लेटे या बैठे हुए थे, कुछ लोग उनपर जा गिरे. इससे अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हुई, जो बाद में भदगड़ में बदल गई। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने संगम के पास अस्थायी इंतजाम किया है. संगम किनारे 4,000 हेक्टेयर (9,990 एकड़) में टेंट सिटी के नाम से एक अस्थायी शहर बस गया है. ये टेंट सिटी 7,500 फुटबॉल मैदानों के आकार के बराबर है. इसमें 150,000 टेंट और समान संख्या में अस्थायी टॉयलेट बनाए गए हैं। इस अस्थायी शहर की जूम-इन इमेज में क्रॉस-सेक्शन पर हजारों लोग दिखाई दे रहे हैं. ये टेंट नदी के किनारे बनाए गए हैं. साथ ही लोगों और गाड़ियों की आवाजाही के लिए कई छोटे पुल भी बनाए गए हैं। एक सैटेलाइट इमेज में पूरे मेला क्षेत्र का बर्ड आई व्यू देखने को मिलता है. इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि कैसे संगम के दोनों तटों को जोड़ने के लिए एक रेलवे पुल का निर्माण किया जा रहा है. भक्तों के लिए इसके दाईं ओर एक वॉकओवर पुल दिखाया गया है। नदी के किनारों को जोड़ने के लिए कम से कम 10 पोंटून पुल बनाए गए हैं। महाकुंभ में बुधवार हुई भगदड़ की घटना के बाद मेला प्रशासन ने कई बदलाव किए हैं. सभी श्क्द्ध एंट्री बंद है. VIP पास कैंसिल कर दिए गए हैं. मेला क्षेत्र के आसपास सभी तरह के गाड़ियों की एंट्री रोक दी गई है. बुधवार की सैटेलाइट इमेजेस में देखा जा सकता है कि टेंट सिटी में सैकड़ों गाड़ियां पार्किंग में लगी हैं। भगदड़ की घटना के बाद महाकुंभ मेला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए वन-वे ट्रैफिक सिस्टम लागू किया है. भीड़ कम करने के लिए पड़ोसी जिलों से प्रयागराज आने वाली गाड़ियों को बॉर्डर पर भी रोका जा रहा है. व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में फोर व्हीलर की एंट्री पर पूरी तरह से बैन लगाया गया है।

# राहुल बोले- केजरीवाल-आम आदमी पार्टी ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया, सबसे बड़ा शराब घोटाला किया

## कहा, केजरीवाल मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं

**››› देश के संविधान को खत्म करना चाहते हैं भाजपा-आरएसएस**



**नई दिल्ली।** 30 जनवरी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'आप' सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर भी तीखा राजनीतिक हमला लगातार जारी है। नई दिल्ली के बादली में पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं। राहुल गांधी ने स्वच्छ राजनीति करने और सादा जीवन जीने के केजरीवाल के पुराने वादों को याद दिलाते हुए कहा कि कैसे वह एक छोटी कार में घूमा करते थे और बिजली के खंभों पर चढ़ जाते थे। लेकिन उन्होंने अब केजरीवाल शीश महल में रह रहे हैं। केजरीवाल-आम आदमी पार्टी ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया और सबसे बड़ा शराब घोटाला किया है। उन्होंने कहा, पूरा देश जानता है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा, पांच साल पहले केजरीवाल ने वादा किया था कि वह यमुना का पानी पीएंगे और उसमें स्नान भी करेंगे। राहुल गांधी ने केजरीवाल को चुनौती दी कि यमुना के पानी को छोड़ दें, बस वह पानी पीकर दिखाएं, जो उनकी सरकार दिल्ली के लोगों को आपूर्ति कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दिल्ली दंगों के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में अल्पसंख्यकों पर हमला किया गया तो केजरीवाल कहीं नजर नहीं आए, केवल कांग्रेस के नेता ही अल्पसंख्यकों के साथ खड़े थे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस वादे करती है और उन्हें पूरा भी करती है। उन्होंने कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों का उदाहरण दिया जहां कांग्रेस सरकार ने लोगों से किए गए सभी वादे पूरे किए हैं। भाजपा-आरएसएस पर हमला बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि आज महानतम नेता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है, जिनकी हत्या उसी विचारधारा के लोगों ने की थी, जो आज देश पर शासन कर रहे हैं। उनकी हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वे नफरत के खिलाफ थे और भाईचारे के लिए लड़ रहे थे। लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने कहा था कि अगर 400 सीटें मिल गई, तो वह अंबेडकर जी के संविधान को बदल देंगे। वहीं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि देश को आजादी 15 अगस्त, 1947 को नहीं मिली, देश में आजादी नरेंद्र मोदी लेकर आए हैं। इसका साफ मतलब है कि भाजपा-आरएसएस देश के संविधान को नहीं मानते और उसे खत्म करना चाहते हैं। संविधान में साफ लिखा है कि देश में सभी लोग एक समान हैं, ये मोहब्बत और भाईचारे का देश है। लेकिन नरेंद्र मोदी देश में नफरत फैलाकर आपको एक दूसरे से लड़ाना चाहते हैं। मोदी ध्यान भटका कर, जनता की संपत्ति अडानी जैसे लोगों को सौंप देना चाहते हैं। पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र यादव को वोट देने और जिताने के लिए लोगों से जोरदार अपील करते हुए गांधी ने उन्हें कांग्रेस के दौर की याद दिलाई, जब देश की राजधानी में अभूतपूर्व प्रगति और विकास हुआ था।

# गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने पाया पहला स्थान

## महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास पर निकली थी यूपी की झांकी

**>> केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रदान की ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र**



**नई दिल्ली,** 30 जनवरीः गणतंत्र दिवस पर निकली उत्तर प्रदेश की झांकी ने पहला स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय रंगशाला नई दिल्ली में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तर प्रदेश की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास पर थी यूपी की झांकी गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली यूपी की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर थी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित "महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है।

**अध्यात्म, धरोहर, विकास व डिजिटल क्रांति का संगम**

2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही रहा। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही थी। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत किया। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुकों ने भी किया।

**समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से भी हुए अवगत**

ट्रेलर के पैनल पर अमृत (शाही) स्नान के लिए जाते अखाड़ों-श्रद्धालुओं को म्यूरल एवं एलईडी स्क्रीन के द्वारा दशार्या गया। ट्रेलर के प्लेटफार्म पर समुद्र मंथन की पौराणिक कथा को चित्रित किया गया, जिसने महाकुम्भ के महत्व और इसकी ऐतिहासिकता को रेखांकित किया। इसके पिछले हिस्से में समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों को दशार्या गया था। सुरक्षा व क्राउड मैनेजमेंट को आईसीसीसी के माध्यम से प्रमुखता से दिखाया गया झांकी के माध्यम से 'महाकुम्भ 2025' के आयोजन में अपनाई जा रही टेक्नोलॉजी, प्रबंधन और डिजिटलीकरण को भी दशार्या गया। इसके लिए हाईटेक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को प्रमुखता से दिखाया गया, जो सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके साथ ही एलईडी के माध्यम से महाकुम्भ पर्व स्नान को जाते अखाड़ों के जुलूस को प्रसारित किया गया।

# तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से भेंट की

## तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की।

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) विद्युत परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पीएसयू/केंद्रीय पीएसयू से बीओओटी आधार पर 22 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव के जवाब में, तेलंगाना के विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया है। इस दल ने विद्युत सचिव राकेश कंवर के साथ भी चर्चा की। इस टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजनाओं के स्थलों का



भी दौरा किया और सिफारिश की है कि 100 मेगावाट से अधिक जल विद्युत परियोजना की क्षमता वाले स्थलों के लिए रुचि व्यक्त की जा सकती है। प्रदेश के लिए अधिक बिजली उत्पादन और राजस्व अर्जित करने की संभावनाएं तलाश करने की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# महाकुंभ मेले में भगदड़ के कारण हुई मौत दुःखद : मौलाना असगर अली इमाम महदी सलफी

**नई दिल्ली।** 30 जनवरी, 2025 मरकजी जमीअत अहले हदीस हिंद के अध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम महदी सलफी ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेले में पिछली रात भगदड़ के कारण हुई अमवात पर खेद व्यक्त किया है, मृतकों के परिवार और जख्मियों से हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। सरकारों एवं प्रशासन से अपील की है कि वह मेले की व्यवस्था एंव प्रबंधन को बेहतर और स्थिर बनाएं ताकि भविष्य में दोबारा इस तरह की हृदय विदारक घटनाएं ना घटित हों। अध्यक्ष महोदय ने अपने बयान में साधारण एवं असाधारण लोगों से अपील की है कि अफवाहों और गलत प्रोपेगेंडों से होशियार रहें और व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करें। जारी कर्ता मरकजी जमीअत अहले हदीस हिंद

# आइडिया ऑफ इंडिया का अस्तित्व इसी पर निर्भर है।

**दिल्ली।** आज से 77 साल पहले महात्मा गांधी की हत्या की गई थी। नाथूराम गोडसे वह व्यक्ति था जिसने बापू पर गोलियां दागी थीं, लेकिन एक विचारधारा थी और ऐसे विचारक थे जिन्होंने वैसा विषैला वातावरण तैयार किया था जिसने राष्ट्रपिता की जान ली। आज सत्ताधारी दल में ऐसे सांसद हैं जिनसे गांधी जी और गोडसे में से किसी एक को चुनने को कहा जाता है तो वे कहते हैं कि उन्हें सोचना होगा। आज सत्ता में प्रभावशाली पदों पर बैठे ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने गांधी जी का उसी



तरह मजाक उड़ाया है, जैसे उन्होंने डॉ. अम्बेडकर का उड़ाया था। आज, सत्ता के शीर्ष पर जिस संगठन के लोग बैठे हैं वे गांधी जी के बलिदान को नहीं मानते और कहते हैं कि भारत को आजादी 22 जनवरी 2024 को मिली। आज ऐसे लोग हैं जो खुद की ब्रांडिंग के लिए गांधीजी के चश्मे और लाठी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन देश भर में गांधीवादी संस्थानों को नष्ट कर रहे हैं। महात्मा गांधी की विरासत की रक्षा, संरक्षण और प्रचार-प्रसार करना बेहद जरूरी है। आइडिया ऑफ इंडिया का अस्तित्व इसी पर निर्भर है।

# गणतंत्र दिवस परेड के बाल वीरों का भव्य स्वागत हुआ, सम्मान से दी गई विदाई

नई दिल्ली, जनवरी : गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने वाले बाल वीर पुरस्कार विजेता बच्चों का फन एंड फूड विलेज में भव्य स्वागत किया गया। यह परंपरा पिछले 25 वर्षों से चली आ रही है, जहां 26 जनवरी की परेड में शामिल होने के लिए दिल्ली आने वाले बच्चे इस मनोरंजन पार्क में आते हैं और आनंद उठाते हैं। फन एंड फूड विलेज, दिल्ली का पहला वॉटर स्पोर्ट्स पार्क है, जहां दिल्ली-एनसीआर से बड़ी संख्या में बच्चे और बड़े मस्ती के लिए आते हैं। इस विशेष अवसर पर, बच्चों ने झूले, वाटर राइड्स और अन्य मनोरंजन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। फन एंड फूड विलेज के चेयरमैन संतोख चावला ने बताया कि यह बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव होता है। दिल्ली में राष्ट्रपति और



परेड में भाग लेने वाले बाल वीर पुरस्कार विजेता बच्चें।

प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद, ये बच्चे इस पार्क में घूमते हैं और मनोरंजन का आनंद लेते हैं। साथ ही, यहां से उन्हें उपहार देकर विदा किया जाता है, जिससे उनका यह सफर और भी खास बन जाता है। यह आयोजन न केवल इन बहादुर बच्चों के उत्साह को बढ़ाता है, बल्कि उनके साहस और उपलब्धियों का सम्मान करने का एक सुंदर अवसर भी प्रदान करता है।

# गुरु रविदास विश्व महापीठ का दिल्ली चुनाव में भाजपा को समर्थन : डॉ. अनीता आर्या

नई दिल्ली, जनवरी : श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली की पूर्व सांसद डॉ. अनीता आर्या ने श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ सामाजिक संगठन से जुड़े कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को अपना समर्थन देकर वोट देने का कार्य करें।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में रविदासी समाज भाजपा के साथ आने से राजनीतिक समीकरण बदलेगा। भाजपा ने कई रविदास जी समाज के लोगों को अपनी आरक्षित सीटों पर उम्मीदवार भी बनाया है दिन में करोल बाग से दुष्यंत कुमार गौतम बवाना से रविंद्र इंद्राज सिंह, कोडली से श्रीमती प्रियंका गौतम आदि मुख्य उम्मीदवार हैं।

श्रीमती आर्या ने महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व विधायक रविदासआचार्य सुरेश राठौर एवं संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया से विचार विमर्श करके आज दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में बसे रविदासी समाज के बीच जनसंपर्क अभियान चलाने का भी जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया की श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दिल्ली के पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता चौ. चांदराम को जनसंपर्क अभियान का प्रभारी तथा हरियाणा के अध्यक्ष हितेंद्र चौधरी एडवोकेट, पंजाब के अध्यक्ष मनजीत बाली, राजस्थान के ओमप्रकाश मेघवाल के साथ ही सिख मतदाताओं के लिए सरदार जसवीर सिंह मेहता, दक्षिण भारतीय हेतु कर्नाटक प्रदेश के अध्यक्ष बिजेंदर राव को सह प्रभारी बनाया गया है।

# दिल्ली कांग्रेस ने चुनाव आयोग से केजरीवाल के यमुना में जहर होने के बयान की शिकायत करके जांच की मांग

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने केजरीवाल के आरोप के बारे में मुख्य चुनाव आयुक्त को शिकायत प्रस्तुत की कि हरियाणा सरकार ने यमुना पानी को जहर मिला दिया है, जिससे ह्लजन नरसंहारह्ल हो सकता है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मांग की कि अरविन्द केजरीवाल के द्वारा फैलाई अफवाह के खिलाफ जांच करें, यदि यह गलत साबित होती है तो चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता का उलंघन करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और यदि जहर मिलाया है तो हरियाणा सरकार के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में कानूनी और मानवाधिकार विभाग के अधिवक्ता सुनील कुमार, बूथ मेनेजमेंट कमेटी चेयरमैन राजेश गर्ग, सलाहकार साजिद चौधरी, सज्जाद हुसैन और सलाह किलित अरोड़ा मौजूद थे।

शिकायत की कॉपी संलग्न है। कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी को रिठाला विधानसभा प्रत्याशी सुशांत मिश्रा से पर प्रशासन द्वारा हमले और उत्पीड़न के बारे में शिकायत की। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ की अध्यक्षता में एक कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भी दिल्ली के मुख्य चुनावी अधिकारी से अपने कश्मीरी गेट कार्यालय में रिठाला विधानसभा सुशांत मिश्रा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार के उत्पीड़न और मैन हैंडलिंग के बारे में शिकायत करने के लिए मुलाकात की। चुनाव आयोग के अधिकारी, आम आदमी पार्टी और भाजपा मिलकर कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। शिकायत की कॉपी दस्तावेजों सहित संलग्न है।

# राष्ट्रीय खेलों में रिलायंस फाऊंडेशन के 50 से अधिक एथलीट मैदान में उतरेंगे

नई दिल्ली, जनवरी : उत्तराखंड में हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में रिलायंस फाऊंडेशन से जुड़े 50 से अधिक एथलीट आठ खेलों में पदक के लिए उतरेंगे। एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, बैडमिंटन, शूटिंग, जूडो, भारोत्तोलन, कुश्ती और टेबल टैनिस में ये खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतिस्पर्धा में भाग ले रही हैं। जूडो में उभरती खिलाड़ी हिमांशी टोकस, जो हाल ही में अफ्रीकी कप विजेता बनीं, भी पदक की रेस में होंगी। एथलैटिक्स में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), तेजस शिरसे (110 मीटर बाधा दौड़), मणिकांता होबलीधर (100 मीटर), अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) और रोजी मीना पॉलराज (पोल वॉल्ट) प्रतिस्पर्धा करेंगे। बैडमिंटन में अनुपमा उपाध्याय, उन्नति हुड्डा और श्रीयांशी वलीशेट्टी महिला एकल खिताब के लिए चुनौती देंगी। शूटिंग में पलक गुलिया और आशी चौकसे, जबकि टेबल टेनिस में जी साथियान पदक के दावेदार होंगे।

# बेहद दिलचस्प है दिल्ली की जंगपुरा की 'जंग', सिसोदिया को इखढ और कांग्रेस से मिलेगी टक्कर

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के तहत सभी 70 विधानसभा सीटों पर 05 फ?वरी को मतदान होना है। वहीं चुनाव के नतीजे 08 फरवरी को आएंगे। साथ ही यह भी पता चल जाएगा कि दिल्ली के सीएम की गद्दी पर किस पार्टी का नेता बैठेगा। वहीं खासतौर पर इस बार सभी की नजरें जंगपुरा विधानसभा सीट की ओर है। इस सीट से दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा से इस सीट पर तरविंदर सिंह मारवाह और कांग्रेस ने फरहाद सूरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले साल 2013, 2015 और 2020 में मनीष सिसोदिया ने पटपड़गंज से चुनाव लड़ा था। लेकिन इस बार उनकी सीट बदल गई है। दिल्ली के चुनावी इतिहास में जंगपुरा विधानसभा सीट पर आज तक भाजपा अपना परचम नहीं लहरा पाई है। साल 1993, 1998, 2003 और 2008 के चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। वहीं साल 2013, 2015, और 2020 में आप पार्टी के प्रत्याशी ने इस सीट पर झंडे गाड़े थे। हालांकि बीच-बीच में कई ऐसे मौके आए, जब भाजपा के उम्मीदवार ने विजेताओं को कांटे की टक्कर दी थी। लेकिन वह जीतने के लिए उतने वोट हासिल नहीं कर पाए थे। लेकिन इस बार समीकरण पूरी तरह से बदले हुए थे। क्योंकि भाजपा ने जंगपुरा सीट से तरविंदर सिंह मारवाह को चुनावी मैदान में उतारा है। सियासी जानकारों की मानें, तो जंगपुरा की जंग इस बार दिलचस्प हो सकती है।

# गैलेक्सी टोयोटा ने नजफगढ़, पश्चिमी दिल्ली में नया शोरूम खोला

## गैलेक्सी टोयोटा ऑटोमोबाइल उद्योग में श्रेष्ठता के सफल 25 साल

नई दिल्ली, जनवरी : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स, भारत के एक प्रमुख डीलर गैलेक्सी टोयोटा ने 12 जनवरी, 2000 को अपनी स्थापना के बाद से एक शानदार प्रतिष्ठा कायम रखी है। जो अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, व्यावसायिकता और टोयोटा के वैश्विक मानकों के पालन के लिए जानी जाने वाली एवं इसने वर्षों से बिक्री और सेवा में नेतृत्व बनाए रखा है। कुंठ डीलरशिप टोयोटा मानक संचालन प्रक्रियाओं को लागू करने, सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने, कठोर कर्मचारी प्रशिक्षण और शीर्ष ग्राहक सेवा प्रदान करके श्रेष्ठता प्राप्त करती है। गैलेक्सी टोयोटा का



नए शो रूम के उद्घाटन के अवसर पर गणमान्य। (सईद अहमद)

₹जीवन भर के लिए ग्राहक₹ बनाने का सिद्धांत इसके संचालन का केंद्र है, जो विश्व स्तरीय सेवा और गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। गैलेक्सी टोयोटा ने ग्राहक संतुष्टि और कौशल में श्रेष्ठता के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। इसकी एक्सप्रेस मेंटेनेंस सर्विस आधुनिक ग्राहकों की तेज-तर्रार जरूरतों को पूरा करते हुए एक घंटे में वाहन की कुशल सर्विसिंग प्रदान करती है। मोती नगर, लाजपत नगर, छतरपुर, ओखला, शालीमार प्लेस, द्वारका, नरेला और नजफगढ़ सहित अत्याधुनिक शोरूम और प्रमुख स्थानों पर आजादपुर, ओखला, कुंडली में सर्विस सेंटर के साथ। गैलेक्सी टोयोटा एक ही छत के नीचे टोयोटा वाहनों, फाइनेंसिंग, बीमा और एक्सेसरीज की व्यापक रेंज प्रदान करता है। गैलेक्सी टोयोटा बीमा सेवाएं ग्राहकों को मन की शांति प्रदान करती हैं, उनकी जरूरतों के अनुरूप व्यापक और परेशानी मुक्त कवरेज समाधान प्रदान करती हैं। गैलेक्सी टोयोटा कॉर्पोरेट जरूरतों को भी पूरा करती है, फ्लीट सेल्स, बल्क फाइनेंस डील और फ्लीट सर्विसिंग प्रदान करती है। गुणवत्ता के प्रति इसके समर्पण, अच्छी तरह से प्रशिक्षित टीम और आधुनिक बुनियादी ढाँचे ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। अशोक सचदेव (प्रबंध निदेशक), हरप्रीत सचदेव (उप प्रबंध निदेशक) और प्रवीण साहनी (सीईओ) जैसे अनुभवी निर्देशकों द्वारा निर्देशित, डीलरशिप तकनीकी में नवीनता, उन्नति और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।

# नई दिल्ली सीट पर आसान नहीं होगी पूर्व सीएम केजरीवाल की जीत

**दिल्ली।** विधानसभा चुनावों में इस बार नई दिल्ली विधानसभा हॉट सीट बनी हुई है। पिछले तीन चुनावों से नई दिल्ली विधानसभा सीट से दिल्ली के पूर्व सीएम और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल जीत हासिल कर रहे थे। इस सीट पर उनकी लोकप्रियता काफी ज्यादा है। लेकिन इस बार इस सीट पर नजारा कुछ और है। क्योंकि इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस ने भी अपने-अपने दिग्गजों को उतारा है। ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में हॉट सीट पर सियासी घमासान देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखना दिलचस्प होगी कि इस बार किस प्रत्याशी को जनता जनार्दन का बहुमत मिलता है। नई दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी ने प्रवेश वर्मा को टिकट दिया है। कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतारा है, तो वहीं इस सीट पर दिल्ली के पूर्व सीएम और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल भी उतरे हैं। ऐसे में इस बार अरविंद केजरीवाल लिए जीत की राह आसान नहीं होने वाली है। दिल्ली में सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी एंटी इंकंबेंसी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के कारण डिफेंसिव मोड में है। लेकिन इसके बाद भी भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए अरविंद केजरीवाल को हराना इतना आसान नहीं होगी। कांग्रेस पार्टी का नई दिल्ली सीट पर लगातार कम हो रहा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इस सीट से 4% के आसपास वोट मिले थे। वहीं भाजपा के हिस्से में करीब 33% वोट आए थे। कांग्रेस ने इस बार संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। संदीप दीक्षित दिल्ली की पूर्व सीएम रहीं शीला दीक्षित के बेटे हैं। ऐसे में संदीप अपनी मां शीला दीक्षित के द्वारा किए गए विकास कार्यों की याद दिलाकर वोट मांग रहे हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ने प्रवेश वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। प्रवेश सिंह पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के जाना-पहचाना चेहरा है।

## समाचार

## पैमाइश के नाम पर रिश्वत लेने वाला लेखपाल हुआ निलंबित

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** याद रहे कि बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति जो रजोहा क्षेत्र का लेखपाल है वह ग्रामीण से जमीन की पैमाइश के नाम पर रिश्वत लेता हुआ नजर आ रहा था, सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद अधिकारी हरकत में आए तथा वीडियो की सत्यता को जानने के लिए कमेटी का गठन किया गया तथा जांच कमेटी ने आरोपी को सही पाया, इस संबंध में एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि जांच में लेखपाल सचिन गौतम पर रिश्वत लेने के आरोप सही पाए गए तथा तत्काल प्रभाव से गुरुवार को 3 बजे उन्हें निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय जांच बैठा दी गई है ' वही आपको बता दें कि इससे पूर्व भी लेखपालों पर रिश्वत लेने के आरोप लगाते रहे हैं वहीं एंटी करप्शन द्वारा चकबंदी विभाग के लेखपाल को रिश्वत लेने के इल्जाम में गिरफ्तार किया गया था तथा इस नए रिश्वत कांड का अधिकारियों ने जल्दी ही लेखपाल को निलंबित करके एक उचित कदम उठाया है, इस कदम से रिश्वतखोरी करने वाले कुछ तो सीख लेंगे।

## आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पीलीभीत के द्वारा 25 महिलाओं को हाइजीन किट प्रदान करी गई।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**
**पीलीभीत पूरनपुर।**




समिति के अवैतनिक जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया समिति के अध्यक्ष / जिला अधिकारी महोदय के निर्देशन में आज नगर पालिका परिषद पूरनपुर में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के साथ मिलकर नगर पालिका परिषद में कार्यरत 25 महिलाओं को हाइजीन किट नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर के द्वारा प्रदान करवाई गई तथा चार टी-शर्ट ,साबुन, ऑक्सी मीटर,आदि सामान भी प्रदान किया गया सभी महिलाओं को जिला सचिव ने साफ सफाई के संबंध में जानकारी प्रदान करी उन्होंने बताया सफाई के माध्यम से ही बीमारियों से बचा जा सकता है साफ सफाई जीवन में अत्यंत आवश्यक है साफ सफाई रखकर आने वाली बीमारियों से खुद को काफी हद तक बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पूरनपुर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया, प्रदीप सिंह , विवेक तिवारी समेत नगर पालिका परिषद पूरनपुर का स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रशासनिक व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा तक, हर पहलू पर गंभीर प्रयास कर रही योगी सरकार

**महाकुम्भ नगर, 30 जनवरी।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर हुई घटना के बाद जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिस्पांड किया और तुरंत मशीनरी को राहत और बचाव कार्य में लगाया उससे पूज्य संत बहुत प्रभावित हैं। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने पुलिस की तैयारी और प्रशासनिक प्रयासों पर बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की त्वरित प्रतिक्रिया और सुचारू व्यवस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की, जबकि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष, रविंद्र पुरी ने कहा कि महाकुम्भ को एक भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्य प्रशंसनीय हैं। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के सफल आयोजन के लिए पूरी मेहनत से प्रभावी प्रणाली लागू की है और अब भी, किसी भी समस्या को दूर करने के लिए मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत भेजा है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि प्रशासनिक व्यवस्था हो या श्रद्धालुओं की सुविधा, हर पहलू को सावधानीपूर्वक और गंभीरता से संभाला जा रहा है। मुख्य सचिव और डीजीपी सहित शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि सरकार व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष, रविंद्र पुरी ने कहा कि महाकुम्भ को एक भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में देखा जा रहा था। उन्होंने सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को रेखांकित किया, जो हर सप्ताह दो बार कुम्भ क्षेत्र का दौरा कर रहे थे और यह आश्वासन दिया था कि यदि किसी भी व्यवस्था में कोई समस्या हो, तो उसे सीधे उनके संज्ञान में लाया जा सकता है। पुरी ने मेला प्रशासन, अधिकारियों और आयोजकों की कड़ी मेहनत की सराहना की, जिन्होंने आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास किए।

## वितरण क्षेत्र के समग्र सुधार के लिए उपाय सुझाने हेतु भारत सरकार द्वारा गठित मंत्री समूह की पहली बैठक हुई।



**लखनऊ।** 30 जनवरी, 2025 देश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु राज्य डिस्कॉम की स्थिति को सुधारना अत्यन्त आवश्यक है। डिस्कॉमो की वर्तमान और भविष्य की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने हेतु विस्तृत अध्ययन करने और सुझावों के लिये भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नायक की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय मंत्रियों की कमेटी बनायी गयी है। इस कमेटी के सदस्य एवं संयोजक उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जी है। इस कमेटी कें आंध्र प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र के ऊर्जा मंत्री भी सदस्य बनाये गये है। स्थिर और टिकाऊ विद्युत क्षेत्र के लिये राज्य डिस्कॉम की वित्तीय व्यवहार्यता, ऋणों और घाटे के सम्बन्ध में वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये इनसे सम्बन्धित चिंताओं को दूर करने हेतु इस कमेटी का गठन किया गया है। समूह की आज पहली बैठक आनलाइन वीडियो कांफ्रेन्सिग के माध्यम से सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय ऊर्जा एवं नवीनीकरण ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपद येसो नायक ने की। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रयागराज महाकुंभ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का संयोजन किया।

**मीटिंग की शुरूआत में संयोजक के रूप**

में सबका स्वागत करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने महाकुंभ में विद्युत आपूर्ति हेतु हुए प्रशंसनीय कार्यों को समूह के समक्ष रखते हुए इसमें तकनीक के उपयोग को विशेष रूप से साझा किया। साथ ही विद्युत क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में हो रहे चौतरफा सुधार के बारे में खास कर आरडीएसएस योजना में देश में सर्वोत्कृष्ट कार्य उत्तर प्रदेश में होने के बारे में समूह को बताया।

## बूढ़े बाबू की दोज मेले का विधायक ने किया फीता काटकर शुभारंभ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिजौरा में हर वर्ष की भांति लगने वाले बुढे बाबू मेले का फीता काटकर शुभ आरंभ कर दिया, बताते चलें कि ग्राम बिजोरा में सैकड़ो वर्षों से बूढ़े बाबू की दोज पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है शुक्रवार को दोज का मुख्य दिन है तथा दूर दराज से लगने वाले मेले में हजारों की संख्या में लोग आते हैं तथा बूढ़े बाबू की जात लगाते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं, मान्यता है कि जात लगाने एवं प्रसाद चढ़ाने से तथा मठ के पास स्थित तालाब में स्नान करने से फोड़े फुंसी दाद आदि जैसे बीमारियां जड़ से समाप्त हो जाती हैं इसी कारण हजारों की संख्या में श्रद्धालु जात लगाने के लिए बिजोरा गांव में तथा अलीपुर खादर में पहुंचते हैं, वही विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने क्षेत्रीय पुलिस को विशेष सावधानी बरते हुए श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए हैं, इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, उझारी मंडल अध्यक्ष कल्याण सैनी, पवन राज जाटव, यशपाल प्रधान , क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, संजय राणा, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, अजय पाल, निखिल खड़गवंशी ,नंदन खड़गवंशी, जयकुमार , कामिल सैफी, बिजौरा ग्राम प्रधान नदीम, चंद्रपाल सिंह, कृपाल सिंह, कलुआ सिंह, कालीचरण सिंह, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ओवर रेट शराब की बिक्री की शिकायत मिलने पर अधिकारियों ने की छापामार कार्रवाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** हसनपुर तहसील क्षेत्र में लगातार क्षेत्र की देसी शराब एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों पर ओवर रेट शराब बिक्री की शिकायतें मिलती रहती है, तथा आए दिन सोशल मीडिया पर ओवरेट शराब को लेकर सेल्समैन व ग्राहक के बीच लड़ाई झगड़ा होने की भी वीडियो वायरल होती रही है, वही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को एसडीम विभा श्रीवास्तव एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने शराब की दुकानों पर ओवर रेट शराब बेची जाने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए छापामार कार्रवाई की, इस दौरान जांच में एक दुकान पर नियम विरुद्ध अधिक दाम पर शराब बेची जाने का प्रमाण मिला, वही जांच अधिकारियों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की जांच की और सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने शराब के विक्रेता दुकानदारों को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर ही शराब बिक्री के निर्देश दिए एसडीम विभा श्रीवास्तव ने दुकानदारों से कहा कि ग्राहकों को रेट लिस्ट दिखाना अनिवार्य है साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि यह छापामार कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई है, क्षेत्र में आए दिन चाहे देसी शराब की दुकान हो या इंग्लिश शराब की दुकान हो सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में आए दिन ओवर रेट शराब की बिक्री की शिकायतें मिलती रहती है जिसका शासन द्वारा संज्ञान लिये जाने पर यह कार्यवाही की गई है अब देखना यह है कि क्या जांच अधिकारी ओवर रेट शराब बेचने वालों पर जुमार्ना लगते हैं या फिर ऐसे ही शराब के शौकीनों को अधिक रकम देकर शराब खरीदनी होगी।

## राष्ट्र सेवी संगठन ने महाकुंभ में भगदड़ के दौरान मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम भदौरा में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला में भगदड़ मचने से सुरक्षा कर्मी सहित कई श्रद्धालुओं की मौत से आहत होकर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि विभिन्न माध्यमों द्वारा दर्शाई जा रही कुंभ की भव्यता एवं दिव्यता से आकर्षित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्थल पर पहुंच गए। और जिसकी आशंका बनी हुई थी वही दुर्घटना घटित हो गई। और मेला प्रशाशन द्वारा किए गए इंतजाम नाकाफी साबित हुए। राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं ने इस घटना से आहत होकर सुरक्षाकर्मी सहित सभी मृत श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही आगे जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि प्रशाशन की व्यवस्था के अनुसार ही कुंभ में जाए और व्यवस्था के हिसाब से ही निर्धारित स्थान पर स्नान करें। इस अवसर पर रामगोपाल चौहान, मुकेश सिंह, रवि चौहान, रनवीर सिंह , जसवीर सिंह, नागेंद्र सिंह, कोमल सिंह, रामचंद्र शर्मा, दानवीर सिंह, रंजीत सिंह, राहुल कुमार, विनोद कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## हसनपुर सी एच सी प्रभारी ने कुष्ठ रोगों की जागरूकता हेतु शपथ दिलाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** गुरुवार को विकसित भारत अभियान के तहत कुष्ठ रोगों की जागरूकता हेतु नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समस्त अस्पताल स्टाफ एवं अन्य लोगों को कुष्ठ रोगियों के इलाज के लिए उन्हें जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई, बता ते चले कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान जो 30 जनवरी से प्रारंभ हुआ है तथा 13 फरवरी तक यह अभियान चलेगा, इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया की कुष्ठ रोग साध्य है इसका इलाज कारये शरीर के सुंदर धब्बों की जांच कारये उन्होंने बताया कि जैसे शरीर पर सुन्न दाग, हाथ पैर में झनझनाहट, कमजोरी, घाव, छाले जिनमें दर्द ना हो यह कुष्ठ रोग के लक्षण होते हैं उन्होंने बताया कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में यह जांच निशुल्क उपलब्ध है तथा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर कुष्ठ रोगों की जांच निशुल्क कारये, डॉ धुर्वेंद सिंह ने मीडिया के माध्यम से भी सभी से अपील की है कि यदि आपके आसपास जान पहचान में कोई ऐसा कुष्ठ रोगी हो तो उसे सरकारी अस्पताल में लाने के लिए प्रेरित करें और उसका इलाज करवाने में उसकी मदद करें, वही एक स्लोगन भी पढ़कर सुनाया :आईये मिलकर जागरूकता फैलाए, भ्रांतियां को दूर भगाएं, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाए।

## बसंत पंचमी के स्नान को लेकर मैदान में उतरी मेडिकल फोर्स, टीम ने परखे 360 बेड के 23 हॉस्पिटल्स

**महाकुम्भनगर, 30 जनवरी :** बसंत पंचमी के स्नान पर्व को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुरुवार से मेडिकल फोर्स मैदान में सक्रिय हो गई है। 360 बेड की क्षमता वाले 23 अस्पताल श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए तैयार किए गए हैं। इनकी व्यवस्थाओं को जांचने के लिए स्पेशल मेडिकल टीम ने संपूर्ण मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




**मेडिकल फोर्स का फील्ड निरीक्षण**

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। एंबुलेंस और आपातकालीन सुविधाओं की समीक्षा कर तैनाती को सुनिश्चित किया गया। टीम में चिकित्सा व्यवस्था के नोडल उमाकांत सान्याल, केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कौशिक, सह नोडल चिकित्सा व्यवस्था डॉ. राम सिंह और महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे शामिल रहे।

**क्विक रिस्पांस, मिनटों में इलाज**

सेंट्रल हॉस्पिटल और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं क्विक रिस्पांस के लिहाज से कारगर साबित हो रही हैं। माइनर इंजरी से लेकर गंभीर इलाज तक सभी आवश्यक सेवाएं यहां उपलब्ध कराई जा रही हैं। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि इमरजेंसी कॉल्स पर मेडिकल टीम मिनटों में मौके पर पहुंच रही है। एंबुलेंस और हेल्थ फैसिलिटीज विषम परिस्थितियों में भी पूरी तरह क्रियाशील हैं।

**सुरक्षा और स्वास्थ्य मुख्यमंत्री की प्राथमिकता**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है। व्यापक स्वास्थ्य इंतजाम और पर्याप्त मेडिकल फोर्स श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए पूरी तरह तैयार है। इनमें 100 बेड का एक अत्याधुनिक सेंट्रल हॉस्पिटल, 25 बेड के दो सब-सेंट्रल हॉस्पिटल, 20 बेड के आठ सेक्टर हॉस्पिटल और 20 बेड के ही दो संक्रामक रोग हॉस्पिटल भी शामिल हैं। इनके अलावा एक बेड के 10 फर्स्ट एड पोस्ट भी सक्रिय हैं।

## घायल श्रद्धालुओं से मिले मुख्य सचिव और डीजीपी, हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**महाकुम्भ नगर, 30 जनवरी।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार गुरुवार को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भी पहुंचे, जहां बुधवार को मौनी अमावस्या अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर घटी घटना के घायलों को भर्ती कराया गया है। यहां मुख्य सचिव और डीजीपी ने घायलों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। प्रदेश के दोनों शीर्ष अधिकारी एक-एक घायल के पास गए और उन्हें मिल रहे उपचार के विषय में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने डॉक्टर्स को इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रखने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अस्पताल में घायल तीर्थयात्रियों का समुचित इलाज किया जा रहा है और पूरा प्रशासन उनकी देखरेख में जुटा हुआ है।

**कोई भी मरीज गंभीर नहीं**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भर्ती सभी श्रद्धालुओं को समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। अस्पताल प्रशासन पूरी तत्परता से सभी मरीजों की देखभाल कर रहा है। मरीजों के साथ आए परिजनों और श्रद्धालुओं के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। सभी मरीजों के परिवारजनों को सूचना दे दी गई है और अधिकांश परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। राहत की बात यह है कि कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। हालांकि, कुछ मरीजों को फ्रैक्चर जैसी चोटें आई हैं, जिनके पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में 3 से 4 सप्ताह तक का समय लग सकता है। सरकार एवं अस्पताल प्रशासन मरीजों की देखभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## विदेशी श्रद्धालु बोले इतनी भीड़ को नियंत्रित करना सरकार की कुशलता, हर कोई खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा



**महाकुम्भनगर, 30 जनवरी।** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन चुका है। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ रहा है। हर किसी के मन में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सभी संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। इस दौरान विदेशी तीर्थयात्री भी महाकुम्भ की अद्भुत व्यवस्था से अभिभूत नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है।

**अमेरिका से आए श्रद्धालु ने बताया 'अविश्वसनीय'**

महाकुम्भ में शिरकत करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी यहां की व्यवस्था से काफी प्रभावित हैं। अमेरिका के हवाई से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि इतने अधिक लोग एक साथ एकत्रित होकर आस्था के इस महासंगम में शामिल हुए हैं। इतनी विशाल संख्या में लोगों और यहां के बुनियादी ढांचे को देखते हुए, यह अविश्वसनीय है कि सरकार इसे इतनी कुशलता से संचालित कर पा रही है। हर कोई एक-दूसरे की सहायता करता दिख रहा है।

**यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव**

फ्लोरिडा, अमेरिका से आईं मारिया ने कहा कि वह 12 साल पहले भी कुंभ मेले में आई थीं और इस अनुभव ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे इसे फिर से देखने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव है। मैं पिछले 26 वर्षों से हर साल भारत आती हूं और यहां की संस्कृति से प्रेम करती हूं। पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भीड़ को संभाल रखा है, वह प्रशंसनीय है।

**यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र**

रूस के मॉस्को से आईं जूलिया ने कहा कि हम पहली बार महाकुम्भ में आए हैं और यहां की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं। यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र है। इतने विशाल आयोजन को जिस प्रकार प्रशासन ने व्यवस्थित किया है, वह अविश्वसनीय है।

## शहीद दिवसः शहीद स्मारक पर सीएम योगी ने सुने भजन, दीपदान कर दी श्रद्धांजलि





**लखनऊ, 30 जनवरी।** शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित गोमती नदी के तट पर बने शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में वीरगति प्राप्त अमर शहीदों को भी नमन किया और गोमती नदी में दीपदान कर राष्ट्र की एकता व शांति के लिए प्रार्थना की। इस विशेष अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन गायकों ने श्रीराम स्तुति श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन, वैष्णव जन तो तेने कहिए और रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां दीप प्रज्ज्वलित किया फिर गोमती मैया की पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, जय देवी, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## जंगल से निकलकर आबादी के नजदीक पहुंचा बाघ, ग्रामीणों में दहशत।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**
**पीलीभीत पूरनपुर।**



थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंजाबा मे शेर ने दी दस्तक। जंगल से निकलकर गांव किनारे पहुंचा बाघ, क्षेत्र के लोगों में दहशत। पंजाबा गांव किनारे सड़क पर टेहलता दिखा बाघ, राहगीरों ने बाघ देखा उसके बाद कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने सेहरामऊ पुलिस व वनविभाग को जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद सेहरामऊ थाना प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुंचे, सेहरामऊ पुलिस के बाद वनविभाग की टीम मौके पर मुस्तैद। थाना सेहरामऊ क्षेत्र में कई दिनों से बाघ की दस्तक से लोगों में दहशत है।

# नगर निगम आयुक्त के लगातार दौरों से बेहतर हुई सफाई व्यवस्था, नागरिकों से मिल रही अच्छी फीडबैक।

## निगमायुक्त ने राम नगर व प्रेम नगर क्षेत्र का किया पैदल दौरा, दरौगाओं को बेहतर सफाई बनाए रखने के दिए निर्देश।

**›› राम नगर क्षेत्र से हटवाया अतिक्रमण, गंदगी, अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी करने पर 10 लोगों के किए चालान- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।**




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल**। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के साफ-सफाई को लेकर लगातार दौरों से शहर की सफाई में बेहतर सुधार सामने आ रहे हैं और इसकी गवाही शहर के नागरिक खुद दे रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को निगमायुक्त ने जोन नम्बर-3 के राम नगर व प्रेम नगर क्षेत्र का दौरा किया और पैदल घूमकर सडकों व गलियों की साफ-सफाई देखी। इस दौरान प्रातः सैर करने वाले लोगों से बातचीत कर सफाई को लेकर उनकी फीडबैक ली, जिसे नागरिकों ने बहुत अच्छी कहकर सराहा। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग बीट का दौरा कर गलियों, प्लॉटों व सडकों की सफाई को चेक किया और सम्बंधित दरौगाओं को निर्देश दिए कि साफ-सफाई को बेहतर बनाकर रखा जाए। इस दौरान उन्होंने दरौगा, सुपरवाईजर व सफाईकर्मियों के हाजिरी रजिस्टरों की भी जांच की। जो सफाईकर्मी वर्दी में नहीं मिले उन्हें टोकते हुए वेतन काटने की चेतावनी दी गई। राम नगर क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्होंने सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि मुख्य बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर आए दिन शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस बीच कुछ लोगों की ओर से भी निगमायुक्त को दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी द्वारा गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने की शिकायत मिली। जिस पर निगमायुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दौरे में मौजूद सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि थोड़ी देर में बाजार ख?

# भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वालों की याद में नगर निगम ने मनाया शहीद दिवस, नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने 2 मिनट का रखा मौन- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

**करनाल सुखविंदर सोही**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में नगर निगम कार्यालय के सभागार में गुरूवार को 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहीद दिवस, 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मृत्यु का सम्मान करता है और उन सभी शहीदों को भी याद करता है, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों की




आहुति देने वाले वीर शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए प्रतिवर्ष 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस का महत्व- उन्होंने बताया कि सभी लोग, भारत के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर सपूतों को याद करते हैं। इस दिन राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और तीनों सेना के प्रमुख राजघाट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। इसके बाद दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी जी के साथ-साथ देश के लिए कुबार्नी देने वाले अन्य वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस, हर हिंदुस्तानी को आदर्श की राह पर चलने और देश के प्रति हमारे कर्तव्यों को अदा करने के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी के अलावा 23 मार्च को भी शहीद दिवस मनाया जाता है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम की गतिविधियां जारी, नागरिक सहभागिता घटक को लेकर नियुक्त किए 3 युवा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

**स्वच्छता को लेकर व्यवहार में बदलाव पर रहेगा फोकस, जन जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को जोडेंगे।**

**करनाल सुखविंदर सोही**

नगर निगम करनाल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर अनेक तरह की गतिविधियां तेजी से चला रहा है। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से दिए गए घटकों पर काम किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने गुरूवार को जानकारी देते बताया कि इसके नागरिक सहभागिता घटक के तहत युवा ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने हैं। इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चालू स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर, करनाल नगर निगम की ओर 3 युवा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शहर के वार्ड 3 की निवासी एवं विश्वविद्यालय की छात्रा तमन्ना शर्मा, खालसा कॉलेज की एन.एस.एस. की छात्रा



अंकुश तथा इसी कॉलेज के छात्र केशव को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। नगर निगम की स्वच्छता गतिविधियों में भागीदारी के चलते इन्हें स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम की ओर से चलाई जाने वाली सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों में लगातार भाग लेते रहे हैं तथा इनके द्वारा नगर निगम के लिए एक जिंगल गीत भी तैयार किया गया था। उन्होंने ब्रांड एम्बेसडर्स के साथ की गई बैठक के दौरान बताया कि यह नगर निगम के अधिकारियों एवं एसबीएम-शहरी टीम के साथ बैठक कर एक्शन प्लान तैयार करेंगे। विभिन्न वार्डों में रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन व नागरिकों के साथ बैठक करेंगे, जिनमें उनके स्वच्छता को लेकर व्यवहार में बदलाव पर फोकस रहेगा। इसके अतिरिक्त घर से ही कूड़े को अलग-अलग एकत्र कर?

# जिले की सभी स्कूलों की बसों को नियमित रूप से चैक करें अधिकारी, बस में होने चाहिए सभी दस्तावेज : उत्तम सिंह

## हिट एण्ड रन मामलें मे संबंधित व्यक्ति व उसके परिवार को तय समय सीमा के अंदर मिलें मुआवजा

**›› सडक सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल**। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिलें के सभी स्कूलों की बसों को चैक किया जाए कि उनके पास सभी संबंधित दस्तावेज हो तथा चालक के पास मान्यता प्राप्त लाईसेंस हो, इसके लिए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों मे स्कूल बसों को नियमित रूप से चैक करें तथा उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय मे भेजेंगे। उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सडक सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि स्कूल बस के अंदर सीटों के हिसाब से बच्चे हो, यह भी चेक करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त




ने संबंधित एसडीएम को कहा कि जितनी भी ई-रिक्शा जिलें मे चल रही है उनके भी दस्तावेज चेक किए जाए। हिट एण्ड रन मामले में उन्होंने कहा कि गुड सेमेरिटन कानून के तहत संबंधित व्यक्ति व उसके परिवार को तय समय सीमा के अंदर मुआवजा राशि मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सडक दुर्घटना मे घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले व्यक्ति को उक्त कानून के तहत मिलने वाली 5 हजार रुपए की राशि के अलावा जिला प्रशासन द्वारा आगामी 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी को कहा कि जिलें की सभी ट्रेफिक लाईटस ठीक होनी चाहिए तथा सभी पर टाईमर होना चाहिए, इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय मे भेजें। एनएच के अधिकारियों को कहा कि नेशनल हाईवे पर जितने भी अवैध कट है उन्हें तुरन्त प्रभाव से बंद करें तथा उनकी एक रिर्पोट कार्यालय में भी भेजें। उपायुक्त ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि जिलें में गठित मोबाइ?

# सिख संगत ने किया एक फरवरी को करनाल में सिख सम्मेलन को ऐलान

## एचएसजीपीसी के सभी नवनियुक्त सदस्यों को बुलाया

**करनाल सुखविंदर सोही (शैलेंद्र जैन)**

**करनाल** में सिख संगत द्वारा एक फरवरी को सुबह दस बजे डेरा कार सेवा में एक सिख सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगत में प्रदेश भर से एचएसजीपीसी के नव नियुक्त सदस्यों तथा सिंख धार्मिक जनों तथा विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी करनाल में वार्ड 17 से एचएसजीपीसी के नव नियुक्त सदस्य तथा डवरी के पूर्व सरपंच गुरनाम सिंह लाडी और



मैंबर प्रतिनिध भूपिंदर सिंह लाडी ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश भरसेएकत्रित सिख संगतों द्वारा प्रदेश के सभी नव नियुक्त सदस्यों से अपील की जाएगी। वह सभी मिल कर पार्टी बाजी धड़े बाजी से ऊपर उठकर एचएसजीपीसी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा के नैतृत्व में एचएसजीपीसी के हाउस को बना कर हरियाणा के गुरुघरों की सेवा को संभाले। उन्होंने कहा कि 25 सालों से जिस कमेटी के लिए संघर्ष किया उस कमेटी के पहली बार चुनाव हुए हैं। प्रदेश भर की सिख संगतों ने चुन कर सदस्यों को भेजा है। संगत के हुकुम को मानकर सभी सदस्य मिल कर गुरुघरों की सेवाको संभालें। उनेंने कहा कि सिख सम्मेलन में और भी विषयों पर भी विचार किया जाएगा।

# मेघा भंडारी की सामाजिक पहल: 210 दिव्यांग बच्चों को मिला सुनने का वरदान

**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा**। श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति पंचकूला, हरियाणा के करनाल में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में, स्वरूप चैरिटेबल फाउंडेशन नई दिल्ली और इबरो प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी ने मिलकर दिव्यांग बच्चों के लिए सुनाई जांच शिविर कैंप लगाया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि 210 बच्चों को श्रवण




यंत्र वितरित किए गए, जिससे उनकी सुनने की क्षमता में सुधार होगा। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री ग्रहम कार्टर, सिटी मजिस्ट्रेट करनाल मोनिका जी, केंद्र के सहायक निदेशक श्री दिनेश जी,श्री मुनीष अरोड़ा, श्री यशपाल सिंह, श्री सुरेश पिलोई और सभी स्टाफ सदस्य शामिल थे। यह कार्यक्रम न केवल दिव्यांग बच्चों के लिए मददगार साबित हुआ, बल्कि यह भी दशार्ता है कि समाज में ऐसे लोग और संगठन है जो जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

# अंबाला में 24 हजार नशीली गोलियों सहित नशा तस्करी का आरोपी को काबू

अंबाला शहर, जनवरी : नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंबाला जिला में एसपी सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निदेर्शानुसार चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत गत दिवस अंबाला सीआईए-1 पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 24 हजार अवैध नशीली गोलियों-दवाइयों सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान मोहित निवासी गांव मुबारकपुर जिला हरदोई उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। इस मौके पर अंबाला सीआईए-1 पुलिस टीम के इंस्पेक्टर हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि गत दिवस अंबाला सीआईए-1 पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें बताया गया था कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है जो आज भी भारी मात्रा में नशीली गोलियां लेकर अंबाला नारायणगढ़ रोड पर खड़ा है। सूचना उपरांत अंबाला सीआईए-1 पुलिस टीम ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अंबाला नारायणगढ़ रोड पर खडे संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसके थैले से 24 हजार अवैध नशीली गोलियां-दवाइयां बरामद हुई। आरोपी मोहित के खिलाफ अंबाला शहर के बलदेव नगर थाना में मामला दर्ज कर आरोपी को अंबाला कोर्ट में पेश किया गया। जहां माननीय कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी मोहित को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का आरोपी को गिरफ्तार

सोनीपत, जनवरी : जिले के थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दूष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ पुनीत पुत्र संजय निवासी खरखौदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 13 दिसम्बर 2024 को जिला सोनीपत निवासी एक नाबालिग लड़की ने थाना खरखौदा में शिकायत दी की आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ पुनीत ने मेरे साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है' इस घटना का भारतीय न्याय सहिंता की धाराओ व पोक्सो अधिनियम के तहत थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया था। थाना खरखौदा की पुलिस टीम में नियुक्त उप निरीक्षक हरिप्रकाश ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नाबालिग लडकी के न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। और दुसरी तरफ कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी पुष्पेंद्र उर्फ पुनीत पुत्र संजय निवासी खरखौदा जिला सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया है' गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

# कंपनी से पन्नी के रोल चुराने में चार और गिरफ्तार

सोनीपत, जनवरी : जिले के थाना कुण्डली की पुलिस टीम नें कम्पनी से पन्नी के रोल चोरी करने की घटना में संलिप्त चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुमित पुत्र महिपाल निवासी मुज्जफरनगर, वढ, सुरजीत पुत्र राजीव निवासी स्वतन्त्र नगर, दिल्ली, मोहम्द आरीफ पुत्र रफीक अहमद निवासी बरेली,यू पी व सुरेश पुत्र कमला निवासी जोनपुर, यू पी का रहने वाला है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 14 जनवरी 2025 को अन्शुल पुत्र राज निवासी बागपत, यू पी नें थाना कुण्डली में शिकायत दी कि मैं मॉडर्न इन्वेटर पी वी टी . में मैनेजर के पद पर कार्यरत हुँ जो कि कुन्डली, सैक्टर-57 में स्थित है दिनाकं 29/12/2024, 02-01-2025 व 04-01-2025 में हमारी कम्पनी में रात को चौरी हुई है। हमें इस बारे में पता चला तो पुछताछ में पाया की रजनीश पुत्र दयानंद और सुरेश पुत्र कमल इसमे शामिल है रजनीश गार्ड पहले हमारे यहाँ पर रहकछ सिक्योरिटी के माध्यम से गार्ड की नौकरी पर था आज से 1-1/2 साल पहले इसको हटा दिया था सुरेश वर्तमान में हमारी कम्पनी मे हैल्पर के पद पर काम करता था और हमें पुरा शक है कि इन दोनो ने मिलकर 29-12-2024, 02-01-2025 व 04-01-2025 को कम्पनी से लगभग 15 से 16 पन्नी के रोल चुराये है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना कुण्डली में अभियोग दर्ज किया गया था।

जिले के थाना कुण्डली की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अनिल नें अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त आरोपी रजनीश पुत्र दयानदं निवासी बागपत, यू पी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त चार और आरोपियों सुमित पुत्र महिपाल निवासी मुज्जफरनगर, यू पी , सुरजीत पुत्र राजीव निवासी स्वतन्त्र नगर, दिल्ली, मोहम्द आरीफ पुत्र रफीक अहमद निवासी बरेली, वढ व सुरेश पुत्र कमला निवासी जोनपुर,यू पी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से घटना में प्रयुक्त गाड़ी को भी बरामद कर लिया है' गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी सुमित व सुरजीत को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिये गये है व आरोपी मोहम्द आरीफ को एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर व आरोपी सुरेश को दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

# सोनीपत में राष्ट्रीय पक्षी मोर को मारने में सलिंप्त पांचवीं आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत, जनवरी : जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम नें राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या करने की घटना में संलिप्त पाँचवे आरोपी को प्रोड्क्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विजय उर्फ छोटा पुत्र मोहनलाल निवासी भठगाँव जिला सोनीपत का रहने वाला है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 01 दिसम्बर को राजेश पुत्र रणधीर निवासी निरथान जिला सोनीपत नें थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी कि दिनांक 30/1-12.24 की रात को समय करीब 2.40 पर मेरे गांव के सुभाष पुत्र शेर सिंह का मेरे पास फोन आया जिसने मुझे कहा की कुछ लड़के गांव के स्कूल में पक्षियों का गोली मारकर शिकार कर रहे हैं। उसके बाद में अपने गांव के स्कूल में चला गया जो स्कूल में तीन या चार लडके खड़े हुए थे और बरगद के पेड में बैट्री से लाईट मार रहे थे उसी समय एक लडके ने अपने हाथ में ली बन्दुक से पक्षियों पर गोली चला दी जो गोली चलने के बाद पेड़ के ऊपर से एक मोर नीचे गिर गया फिर हमने भाग कर उन लड़को को पकड़ने की कोशिश की तो दो-तीन लड़के मरे हुए मोर को उठा कर मोटरसाईकल पर बैठ कर भाग गए। जो उपरोक्त आरोपियों ने गोली मारकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या की है।

इस घटना का वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत थाना सदर सोनीपत में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम नें घटना में संलिप्त चार आरोपियों श्रीऔम पुत्र मेहरसिंह, सिकंदर पुत्र जीत, प्रदीप उर्फ मोहली पुत्र आनंद व हरपाल पुत्र मेहरसिंह निवासी भठगाँव जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम में नियुक्त उप निरीक्षक आजाद ने अपनी पुलिस टीम के साथ इस घटना में संलिप्त पाँचवे आरोपी विजय उर्फ छोटा पुत्र मोहनलाल निवासी भठगाँव जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को रिमाण्ड अवधि के बाद न्यायालय में पेशकर न्यायलय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

# जिस दिन भरा बिजली का बिल उसी दिन काट दिया कनेक्शन, किसानों ने की नारेबाजी

निसिंग, जनवरी : बिजली बिल भरने की अंतिम तारीख को उपभोक्ता ने पेंडिंग बिल की पूरी अदायदी कर दी। इतफाक से उसी दिन बिजली कर्मियों ने मीटर उतार लिया। इससे उपभोक्ता को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। बिजली के बिना घर के दैनिक कार्य भी प्रभावित रहे। इससे परेशान उपभोक्ता ग्रामीणों और भाकियू नेताओ सहित उप मंडल अधिकारी कार्यालय पहुंचा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर जानबूझकर परेशान करने के आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं मामले में दोषी अधिकारी के खिलाफ 24 घंटे के अंदर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान यशपाल राणा ने कहा कि पेंडिंग बिल की अदायगी नहीं करने पर कनेक्शन काटना विभाग का



निसिंग एसडीओ कार्यालय में रोष जताते किसान नेता व उपभोक्ता।

अधिकार है। लेकिन बिल भरने की अंतिम तारीख तक तो इंतजार करना था। हालांकि उपभोक्ता ने अपने पेंडिंग बिल को भरने के लिए किस्त बनवा रखी थी। बावजूद भी एकमुश्त किस्त में पूरी पेंडिंग राशि भर दी। आरोप है कि उपभोक्ता का कनेक्शन काटने में जल्दबाजी की गई है। उपभोक्ता नीलम रानी के परिजनों का कहना था कि अब उन्हें फिर से मीटर लगवाने के लिए विभाग कार्यालय में चक्कर काटने पड़ेंगे। पहले ही परिवार को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी है। बिजली से संबंधित घरेलू कार्य दिनभर बाधित रहे। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान सरदार गुलजार सिंह ने कहा कि बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं को जानबूझकर परेशान करते हैं। कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिल भरने के बाद भी उपभोक्ता बिजली के अभाव में परेशान है। क्या उपभोक्ता की परेशानी वास्तव में परेशानी नहीं है। उन्होंने नारेबाजी कर रोष जताते हुए लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीओ किस्मत श्योकंद का कहना था कि बिल की अदायगी सांय सात बजे के आसपास मीटर उतरने के बाद की गई है। आज ही उपभोक्ता का कनेक्शन चालू कर दिया जाएगा। मौके पर सोनू कुमार विनोद कुमार मुकेश डॉक्टर रामपाल प्रवीण विष्णु सहित अन्य मौजूद थे।

# दीवाना रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

पानीपत, जनवरी : पानीपत जिला के गांव दीवाना के रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन पर बड़ा ट्रेन हादसा करने की चेष्टा को ट्रेन के लोको पायलट ने नाकामयाब कर दिया गया। यहां रेलवे ट्रैक के ऊपर दोनों तरफ लोहे की करीब बीस फु ट लंबी व दो इंच मोटी तिकोना एंगल रखा गया था। जिस पर लोको पायलट की नजर पड़ गई। जिसके बाद उसे ट्रैक से हटाया गया। साथ ही मामले की सूचना जीआरपी को दी गई। सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां सभी एंगल से जांच की गई। जिसके बाद रेलवे के जांच अधिकारी बलवान सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ रेलवे एक्ट 150 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# इसराना में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से ग्रामीण की मौत

इसराना, जनवरी : पानीपत के गांव नारा के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल हुए ओमवीर निवासी गांव अदियाना गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं ओमवीर की चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। के दौरान दम तोड़ दिया। थाना मतलौडा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद ओमवीर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सार समाचार

### यात्री विमान में उड़ान भरने से पहले आग लगी



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के एक हवाई अड्डे पर मंगलवार देर रात एक यात्री विमान में उड़ान भरने से पहले आग लग गई। तत्काल विमान में सवार सभी 176 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। परिवहन मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व में गिमहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दक्षिण कोरियाई एयरलाइन एयर बुसान का विमान एयरबस विमान हांगकांग के लिए रवाना होने की तैयारी कर रहा था। तभी उसके पिछले हिस्से में आग लग गई। विमान में सवार 169 यात्रियों, छह चालक दल के सदस्यों और एक इंजीनियर को एस्केप स्लाइड से बाहर निकाला गया।

### अमेरिकी वायु सेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त



**अलास्का।** अलास्का के बेस पर मंगलवार को अमेरिकी वायु सेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद पायलट सुरक्षित है। बताया जाता है कि दुर्घटना ईल्सन एयरफोर्स बेस के रनवे पर हुई। हादसे के कारण की जानकारी नहीं मिल सकी है। अधिकारियों ने कहा कि जांच चल रही है। सभी विवरणों की पुष्टि करने की कोशिश की जा रही है। वायुसेना ने बताया कि हादसे में विमान को काफी नुकसान हुआ। पायलट सुरक्षित है और उसे बैसेट आर्मी अस्पताल ले जाया गया है।

### स्कॉट बेसेंट बने अमेरिका के वित्त मंत्री



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सीनेट ने देश के वित्त मंत्री के रूप में अरबपति निवेशक स्कॉट बेसेंट की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बेसेंट पर करों में कटौती और घाटे पर अंकुश के बीच संतुलन बनाने के साथ-साथ शुल्क संबंधी ऐसी योजना पेश करने की जिम्मेदारी होगी जिससे विकास को खतरा नहीं हो। दक्षिण कैरोलिना के बेसेंट यह पद संभालने वाले पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपने समलैंगिक होने को सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है। पूर्व में डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक रहे और अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस के लिए काम कर चुके बेसेंट अब ट्रंप के समर्थक हैं।

### भारत ने कनाडा चुनाव में बाहरी हस्तक्षेप के आरोप खारिज किए



**ओट्वा।** भारत ने एक कनाडाई आयोग की उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है जिसमें उसमें कनाडा के चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने चुनाव में हस्तक्षेप पर कथित गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। वास्तव में यह कनाडा ही है जो भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता रहा है। इससे अवैध प्रवास और संगठित आपराधिक गतिविधियों के लिए भी माहौल तैयार हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि भारत पर आक्षेप लगाने वाली रिपोर्ट को खारिज करते हैं।

### ट्रंप के अभियोजनों पर काम करने वाले कर्मचारियों को निकाला गया



**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियोजनों पर काम करने वाले कर्मचारियों को निकाल दिया गया है। अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि ट्रंप के आपराधिक अभियोजनों पर काम करने वाले 12 से अधिक कर्मचारियों को निष्कासित किया गया है। विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम में काम करने वाले अभियोजकों को अचानक बर्खास्त करने के बाद न्याय विभाग में उथल-पुथल की आशंका है। उन कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा है, जिन्हें राष्ट्रपति के प्रति वफादार नहीं माना जा रहा है।

---

## स्पीकर हॉयल बोले– इससे यूके की संसदीय प्रक्रिया बेहतर हो सकती है

# ब्रिटेन को पसंद आया भारत का एआई मॉडल

### भारत ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल में आगे है

एजेंसी, लंदन

ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष सर लिंडसे हॉयल ने अपनी संसदीय प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए भारत के एआई मॉडल को अपनाने पर जोर दिया। लंदन के गिल्ड हॉल में प्रवासी समुदाय के एक सम्मेलन में स्पीकर लिंडसे हॉयल ने कहा कि भारत की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को लेकर की गई प्रगति का ब्रिटेन की संसदीय प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। लंदन में भारतीय उच्चायोग के वार्षिक गणतंत्र दिवस समारोह में हाल ही में भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की यात्रा का जिक्र करते हुए लिंडसे हॉयल ने कहा कि उनकी यात्रा के दौरान हमें कई चौंकाने वाली जानकारियां मिलीं। हमें पता चला कि भारत ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल में आगे है। हमें यह जानकर अच्छा लगा कि एआई भारत की संसद की प्रकियाओं का एक साथ 22 भाषाओं में अनुवाद करता है। इसलिए मैंने भारत के लोकसभा स्पीकर से कहा था कि हम इस मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं कि एआई ब्रिटेन की संसदीय प्रक्रियाओं को कैसे बेहतर बना सकता है। उन्होंने कहा कि इससे पता लगता है कि भारत कैसे शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। इसलिए दो बड़ी संसदों को सहयोग जारी रखना चाहिए और अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एक-दूसरे से सीखना चाहिए।

#### भारतीय उच्चायुक्त ने भी द्विपक्षीय संबंधों पर की बात



भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारी साझेदारी मजबूत है। भारत की वृद्धि और विकास न केवल यूके के लिए अपनी राष्ट्रीय संपदा को बनाए रखने के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करता है, बल्कि वास्तविक विकास का अवसर भी देता है। ब्रिटेन का वित्तीय क्षेत्र भारत के बुनियादी ढांचे, सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, रेलवे, आवास और औद्योगिक गलियारों के निर्माण में निवेश करके टिकाऊ लाभ पा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांसद मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

#### कपड़ा मिलों का दौरा किया

सम्मेलन में लंकाशायर के चोर्ले से सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र और भारत के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत और लंकाशायर का संबंध कभी नहीं टूटेगा। मैं जब भी इतिहास को देखता हूं तो मुझे लगता है कि भारत और लंकाशायर के विशेष संबंध के कारण भारत के लिए मेरा प्यार हमेशा बना रहेगा। दरअसल 1931 में महात्मा गांधी ने लंकाशायर की कपड़ा मिलों का दौरा किया था।

#### भारत दुनिया को दे रहा आकार

ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव वेस स्ट्रीटिंग ने भारत के साथ की गई स्वास्थ्य और जीव विज्ञान साझेदारी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के सहयोग को गहरा करेगी। उन्होंने कहा कि कोई संदेह नहीं है कि भारत एक वैश्विक शक्ति के तौर पर इस सदी में दुनिया और मानवता की संभावनाओं को आकार दे रहा है। यही हमारे रिश्ते में सबसे महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि 21वीं सदी में तानाशाह नहीं बल्कि लोकतंत्र पनपे।

---

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल ने जारी किया बयान

# भारत के साथ रिश्तों को लेकर भ्रमित है बांग्लादेश की अंतरिम सरकार

### अब लगा दिया तस्करी का आरोप

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के साथ अपने रिश्तों को लेकर भ्रम की स्थिति में नजर आ रही है। अब गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बड़ी बात कही है। बुधवार को चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के कार्यकाल में भारत के साथ हुई सभी 'असमान संधियों' पर चर्चा की जाएगी। ढाका ट्रिब्यून अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, आगामी भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा सम्मेलन पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते समय चौधरी ने सीमावर्ती इलाकों में भारत के नागरिकों पर मादक पदार्थ बनाने और उन्हें बांग्लादेश में तस्करी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ‌वे फेंसिडिल बनाते हैं और इसे बांग्लादेश में तस्करी करते हैं। हालांकि वो इसे दवा बताते हैं, लेकिन वास्तव में यह मादक पदार्थ है।

#### एकतरफा कार्रवाई की गुंजाइश नहीं

चौधरी ने कहा कि सीमा से 150 गज के भीतर किसी भी गतिविधि के लिए दोनों देशों की आपसी स्वीकृति आवश्यक होती है और किसी भी पक्ष के लिए एकतरफा कार्रवाई की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विकास परियोजना के तहत मस्जिद या मंदिर का निर्माण किया जाना हो, तो दोनों देशों की सहमति अनिवार्य होगी। भविष्य में इस सहमति को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बांग्लादेशी सलाहकार ने यह भी कहा कि सीमा पर निहत्थे बांग्लादेशी नागरिकों पर कथित गोलीबारी पर भी सम्मेलन में चर्चा की जाएगी।



#### हिंदुओं पर अत्याचार का आरोप

अवामी लीग ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर 'अत्याचार' करने का आरोप लगाया गया है। यह अवामी लीग का पहला बड़ा प्रदर्शन है, जिसके अधिकांश नेता पिछले साल पांच अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से या तो गिरफ्तार हैं या भूमिगत हैं। अवामी लीग के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, पार्टी अंतरिम सरकार के इस्तीफे की मांग करने तथा हड़ताल एवं नाकेबंदी के लिये एक फरवरी से सड़कों पर उतरेगी।

#### कई मुद्दों पर चर्चा करेगा बांग्लादेश

जहांगीर आलम चौधरी ने कहा, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या भारतीय नागरिकों द्वारा बांग्लादेशी नागरिकों को कथित रूप से अगवा करने या हिरासत में लेने के मामलों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा, सीमा उल्लंघन, अवैध प्रवेश और घुसपैठ को रोकने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, भारत से बांग्लादेश में अवैध मादक पदार्थों जैसे फेंसिडिल, हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी को रोकने को प्राथमिकता दी जाएगी। चौधरी ने कहा कि नदियों के पानी के न्यायसंगत बंटवारे, जल समझौतों के कार्यान्वयन और रहीमपुर नहर के मुहाने को फिर से खोलने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

#### आवामी लीग चलाएगी बड़ा अभियान

बयान में कहा गया है कि पार्टी शनिवार से बुधवार तक अपनी मांगों के लिए पर्चे बांटेगी और अभियान चलाएगी। अवामी लीग के बयान के मुताबिक छह फरवरी को देश भर में विरोध मार्च और रैलियां आयोजित की जाएंगी, इसके बाद 10 फरवरी को प्रदर्शन और रैलियां होंगी। इसमें कहा गया है कि 16 फरवरी को देशव्यापी नाकेबंदी की घोषणा की गई है तथा 18 फरवरी को सुबह से शाम तक 'सख्त' हड़ताल होगी। इस बयान में अवामी लीग के सत्ता से बेदखल होने के बावजूद हसीना को 'प्रधानमंत्री' बताया गया। बयान में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अपदस्थ प्रधानमंत्री और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ हत्या के मामलों तथा अन्य आरोपों को वापस लेने की भी मांग की गयी है।

---

## डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से मांगी मदद

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और बुच को वापस लाने पर जोर

### मस्क ने कहा कि वे दोनों को जल्द से जल्द घर वापस लाएंगे

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्दी वापसी को लेकर मदद मांगी है। मस्क ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्दी वापस लाने के लिए कहा है। एलन मस्क ने एक सोशल मीडिया में कहा कि भयानक है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इन दोनों को इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन पर छोड़ा हुआ था, जबकि नासा ने पहले ही महीनों पहले स्पेसएक्स से इन्हें वापस लाने के लिए कहा था। साथ ही मस्क ने कहा कि वे दोनों को जल्द से जल्द घर वापस लाएंगे।

#### स्वस्थ और अच्छे मूड में हैं

मस्क ने कहा कि नासा ने हमेशा यह कहा है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री फंसे नहीं हैं और वे स्वस्थ और अच्छे मूड में हैं। सुनीता और बुच को 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष स्टेशन के लिए भेजा गया था, लेकिन उड़ान में कुछ दिक्कतें आईं और अंत में यह तय किया गया कि स्टारलाइनर को वापस लाना बहुत जोखिम भरा था। फिर, नासा ने स्पेसएक्स से इन दोनों को वापस लाने के लिए कहा था।



#### फ्रीडम नामक कैप्सूल से आएंगे यात्री

साथ ही स्पेसएक्स के क्रू-9 मिशन में विलियम्स और विल्मोर को शामिल किया गया, लेकिन इसमें भी कई देरी हुईं। अब मस्क ने कहा कि वे इन दोनों को जल्द ही स्पेसएक्स के 'फ्रीडम' नामक कैप्सूल से आईएसएस से वापस लाने का काम करेंगे।

**क्यों हो रही देरी, एक नजर :** बता दें कि बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। केवल 10 दिनों तक चलने वाली इस उड़ान को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने के बाद, नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान में समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए हफ्तों तक काम किया, लेकिन अंतत: यह निर्णय लिया गया कि स्टार्टलाइनर को चालक दल के साथ वापस लाना बहुत जोखिम भरा था। इसके बाद, अगस्त 2024 में, अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि उसने स्पेसएक्स से विलियम्स और विल्मोर को स्पेसएक्स क्रू-9 कैप्सूल में घर लाने के लिए कहा है। नासा ने सितंबर में स्पेसएक्स ड्रैगन पर लॉन्च होने वाले चार क्रू सदस्यों में से दो को हटाकर दो अंतरिक्ष यात्रियों को क्रू-9 में शामिल कर लिया। हालांकि, दिसंबर में एक और देरी हुई, क्योंकि स्पेसएक्स को नवीनतम ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर काम करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता थी, जो क्रू-10 के प्रक्षेपण के साथ शुरू होगा।

---

## कई महीनों से जारी विरोध-प्रदर्शनों के बाद ऐलान

# सर्बियाई प्रधानमंत्री मिलोस ने इस्तीफे की घोषणा की



### निरंकुश शासन के प्रति व्यापक असंतोष के रूप में देखा जा रहा

एजेंसी, सर्बिया

सर्बिया के प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने कई महीनों से जारी भ्रष्टाचार विरोधी व्यापक विरोध प्रदर्शन के चलते मंगलवार को पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। बता दें कि, उत्तरी शहर नोवी सैड में नवंबर में एक छज्जा ढहने के बाद देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हुई थी। छज्जा ढहने की घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनों को सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के निरंकुश शासन के प्रति व्यापक असंतोष के रूप में देखा जा रहा। सर्बिया की राजधानी में एक प्रमुख मार्ग के चौराहे की 24 घंटे की नाकाबंदी में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ हजारों लोग शामिल हुए। छात्र कई महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, वे छज्जा गिरने की घटना के लिए जवाबदेही की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए आलोचकों ने बड़े पैमाने पर सरकारी भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया है।

#### इस्तीफे का उद्देश्य सर्बिया में तनाव कम करना

मिलोस वुसेविक सर्बिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को कुचलने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। वहीं, उन्होंने बाल्कन क्षेत्र के इस संकटग्रस्त राष्ट्र के लिए औपचारिक रूप से यूरोपीय संघ की सदस्यता मांगी है। मिलोस वुसेविक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनके इस्तीफे का उद्देश्य सर्बिया में तनाव कम करना है। उन्होंने कहा, 'मैं सभी से शांति बनाए रखने और बातचीत की मेज पर लौटने की अपील करता हूं।'

**संसद से मंजूरी के बाद मध्यावधि चुनाव की संभावना :** मिलोस वुसेविक ने आगे कहा कि नोवी सैड के मेयर मिलन ज्यूरिक भी मंगलवार को पद छोड़ देंगे। वहीं मिलोस वुसेविक के इस्तीफे से देश में संसदीय चुनाव समय से पहले होने की संभावना है। बता दें कि, उनके इस्तीफे पर सर्बिया की संसद से मंजूरी मिलनी चाहिए, जिसके पास नई सरकार चुनने या मध्यावधि चुनाव कराने के लिए 30 दिन का समय है।

**छज्जा गिरने के मामले में जांच की स्वतंत्रता पर संदेह :** देश में तनाव कम करने के एक अन्य प्रयास में वुसेविक और संसद अध्यक्ष एना ब्रनाबिक ने सोमवार शाम को छात्रों से बातचीत करने का आग्रह किया, जिन्हें न्याय और जवाबदेही की मांग को लेकर सर्बिया में सभी वर्गों से व्यापक समर्थन मिला है। सर्बिया के अभियोजनकर्ताओं ने एक मंत्री और कई सरकारी अधिकारियों समेत 13 लोगों के खिलाफ आरोप लगाए हैं। लेकिन, पूर्व निर्माण मंत्री गोरान वेसिक को हिरासत से रिहा कर दिया गया, जिससे जांच की स्वतंत्रता पर संदेह बढ़ गया है।

---

### एक अन्य अदालत में असुरक्षित स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे

# पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति राजपक्षे के बेटे हेराफेरी मामले में दोषी करार, 2016 में हुई थी गिरफ्तारी

एजेंसी, कोलंबो

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के बड़े बेटे को 2015 से पहले भारतीय निवेश से जुड़े हेराफेरीके मामले में हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया। 38 वर्षीय नमल राजपक्षे को 2016 में गिरफ्तार किया गया था। उनपर रग्बी के खेल को विकसित करने के लिए कृष होटल परियोजना के पैसे से 70 मिलियन श्रीलंकाई रुपये का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। कोलंबो के मध्य में स्थि कृष होटल परियोजना को रद्द कर दिया गया और अधूरा निर्माण कार्य अभी भी वैस ही पड़ा हुआ है। राहगीरों के लिए खतरे को देखते हुए एक अन्य अदालत में इसकी असुरक्षित स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।



#### राष्ट्रपति बनने के बाद मुद्दे को उठाया गया

अनुरा कुमार दिसानायके के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद इस मामले को एक बार फिर उठाया गया, जिसके बाद पुलिस ने एकबार फिर नमल राजपक्षे से पूछताछ की। इसके एक हफ्ते बाद उनके छोटे भाई योशिथा को इसी तरह के संदिग्ध संपत्ति मामले को लेकर गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। नमल राजपक्षे को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के बारे में मालूम चला।

---

#### प्रदर्शन



यह तस्वीर प्रदर्शनकारियों को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य किंशासा में एक सड़क पर आग लगाते हुए दिखाती है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की राजधानी किंशासा में कई दूतावासों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, लूट लिया गया और यहां तक कि पूर्वी हिस्से में चल रही हिंसा को संबोधित करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कथित निष्क्रियता के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों में आग लगा दी गई।

### परमाणु ताकत बढ़ा रहा उत्तर कोरिया



**सियोल।** उत्तर कोरिया अपनी परमाणु ताकत बढ़ा रहा है। उत्तर कोरिया के तानशाह किम जोंग ने उत्पादन बेस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया। किम के दौरे से साफ है कि अमेरिका से तनाव के बीच उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियारों का विस्तार कर रहा है। कोरियन न्यूज एजेंसी के मुताबिक किम ने परमाणु सामग्री उत्पादन बेस और परमाणु हथियार संस्थान का दौरा किया। हालांकि इसमें यह नहीं बताया गया कि ये संस्थान कहां है? मगर तस्वीरों को देखकर लग रहा है कि वे यूरेनियम-संवर्धन केंद्र गए थे।

---

**घोषणा** | लूव्र का आखिरी बड़ा बदलाव 1980 के दशक में हुआ था

# आधुनिक होगा लूव्र म्यूजियम, मोनालिसा के लिए बनेगा विशेष कमरा, राष्ट्रपति मैक्रों ने किए बड़े ऐलान

एजेंसी, पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि मोनालिसा को लूव्र म्यूजियम में अपना अलग कमरा मिलेगा। उन्होंने कहा कि लूव्र को बड़े पैमाने पर पुनर्निर्मित और विस्तारित किया जाएगा, जिसमें कई साल लगेंगे। इस बदलाव में 2031 तक सीन नदी के पास एक नया प्रवेश द्वार बनाना और भूमिगत कमरे तैयार करना शामिल है। यह घोषणा मैक्रों ने उस कमरे से की जहां फिलहाल मोनालिसा प्रदर्शित की गई है। राष्ट्रपति मैक्रों ने इस परियोजना की लागत नहीं बताई, लेकिन इसे सैकड़ों मिलियन यूरो तक पहुंचने का अनुमान है। यह विश्व के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले म्यूजियम को आधुनिक बनाने के लिए है, जो वर्तमान में भीड़भाड़ और पुरानी सुविधाओं की समस्या से जूझ रहा है। लूव्र का आखिरी बड़ा बदलाव 1980 के दशक में हुआ था, जब कांच का प्रसिद्ध पिरामिड बनाया गया था। लेकिन अब यह म्यूजियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से नहीं है। 1980 के दशक के नवीनीकरण के दौरान म्यूजियम को 40 लाख वार्षिक आगंतुकों के हिसाब से बनाया गया था। लेकिन पिछले साल लूव्र में 87 लाख लोग आए, जिनमें से तीन-चौथाई विदेशी थे, खासकर अमेरिका, चीन और यूरोप के पड़ोसी देशों से थे।

#### मुख्य समस्याएं: पानी का रिसाव, खाने-पीने की सुविधा



लूव्र की निदेशक लॉरेंस दे कार्स ने हाल ही में संस्कृति मंत्री रशीदा दाती को एक नोट भेजा, जिसमें म्यूजियम की 'पुरानी हो रही स्थिति' पर चिंता व्यक्त की। फ्रेंच अखबार 'ले पेरिसियन' की तरफ से प्रकाशित दस्तावेज के अनुसार, उन्होंने बताया कि पानी के रिसाव, तापमान में उतार-चढ़ाव और अन्य समस्याओं के कारण इमारत और कला कृतियों को खतरा है। 1989 में बने पिरामिड को अब पुराने मानकों का बताया गया। यह न तो गर्मी और ठंड से ठीक से बचा सकता है और न ही शोर को कम कर सकता है, जिससे यह स्थान सार्वजनिक और स्टाफ दोनों के लिए असुविधाजनक हो गया है। इसके अलावा, म्यूजियम में खाने-पीने और शौचालय की पर्याप्त सुविधाएं भी नहीं हैं।

---

# सऊदी अरब में हुआ भीषण सड़क हादसा, 9 भारतीयों की मौत

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

एजेंसी, दुबई

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 9 भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ है। मिशन ने बताया कि वह हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। भारतीय मिशन सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में भी है जहां से उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना और लोगों की मौत के बारे में जानकर 'दुखी' हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात हुई, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में पूरा समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में जिजान के पास सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है।



# सर्विस टाइम में किया भ्रष्टाचार, रिटायरमेंट बाद जिंदगी लाचार

## भ्रष्टाचारी लाख करे चतुराई, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई







**भ्रष्टाचारी कमाई का बीज शरीर में फलकर वर्तमान और रिटायरमेंट के बाद, ब्याज सहित वसूली करके ही जीव को छोड़ता है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म चंडीपूजा का रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप द्वारा लिखा गीत, कोई लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई, जरा समझो इसकी सच्चाई रे, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई यह गीत आज हर शासकीय कर्मचारी, युवा वर्ग और भ्रष्टाचार रूपी मीठी मिठाई खाने वालों को जरूर सुनना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार एक ऐसा बीज है, जो हमेशा उसे बोने के लिए ललचाता है, खुद हर किसी के शरीर में जाकर पनपने को लालायित रहता है ताकि अपनी जड़ें जमा कर अपने शिकार को वर्तमान सहित उसके रिटायरमेंट के बाद अधिक सुविधा और शुद्धता से अपना निवाला बना सके !उसकी जिंदगी नर्क करे। परंतु हम मनीषजीव उसकी इस चाल को समझ नहीं पाते और आधुनिक सुख- सुविधाओं, अपने क्षमताओं से अधिक सुख भोगने, समाज में दिखावा करके, एंजॉयमेंट रसों लोगों का स्वाद चखने, अपनीं अपनीं जिंदगी जरूरत से अधिक सुगम बनाने के लिए भ्रष्टाचार रूपी खतरनाक बीज के झांसे में आकर उसे अपनाते है अपने शरीर में उससे खरीदी वस्तुओं का उपभोग कर अपने खून में उसे घोलतें है, जिससे उस बीज को शरीर में फलने फूलने का आश्रय और विकास करने की क्षमता प्रदान करतें है, जिसका भुगतान भ्रष्टाचारी को खुद और अपने परिवार सहित अपने कुल को चक्रवर्ती ब्याज सहित भुगतान करना पड़ता है,जिसे हम सब अपने आसपास और समाज में देखते भी हैं कि किस तरह ऐसे लोग हमेशा विवादों में तकलीफों में बीमारियों के घेरे में रहते हैं, उनके परिवार हमेशा विपत्तियों के घेरे में रहते हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव में नोटों के पहाड़ डहने लगते हैं जिसका उदाहरण हम तीन दिन पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कांस्टेबल सौरभ शर्मा और अन्य से जुड़े बैंक खातों में 30 लाख रुपये की शेष राशि को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा, एजेंसी ने 12 लाख रुपये की अघोषित नकदी, 9.9 किलोग्राम चांदी (जिसकी कीमत लगभग 9.17 लाख रुपये है), डिजिटल उपकरण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। पिछले कुछ दिनों में ईडी सीबीआई और अन्य एजेंसियों के रेड में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देख सुन रहे हैं करीब- करीब रोज टीवी चैनलों पर चमकती हुई नोटों की हरी गुलाबी गडियां दिखाई जाती है जिन्हें गिनने मशीनें भी कम पड़ जाती है। इसलिए बड़े बुजुर्गों की कहावत सही है जब संभलो सवेरा तभी शुरू होता है, सुबह का भूला शाम को लौटे तो भुला नहीं कहते इसलिए कवि प्रदीप का उपरोक्त गीत सुनकर समझने की कोशिश करें,ऐसा मेरा मानना है,इसके साथ ही मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचानां नहीं है अपितु भ्रष्टाचार रूपी असुर दानव को भारत माता की गोद से कोसों दूर भगाना है जो दीमक की तरह देश को चट कर रहा है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार निवारण में समाज की भूमिका की करें तो, समाज ही सभी अच्छाईयों व बुराईओं का स्त्रोत व उत्तरदायी हैं। समाज द्वारा चुने लोग ही सरकार में भेजे जाते हैं। हमारे समाज के लोग ही सरकारी नौकरियों व पदों पर रखे जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि समाज के अन्दर ही भ्रष्टाचार का बीज विद्यमान हैं। हमें अपने समाज में सुधार करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए आवश्यक हैं कि हमे ऐसे लोगो को प्रमुख जिम्मेदारी देनी चाहिए जो विद्वान, योग्य हो और समाज हित व देश हित की मंशा रखते हैं। हमें सबसे पहले शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को शुरू से ही अच्छे कार्य करने की शिक्षा देनी चाहिए। उन्हे गलत कार्यों व लालच से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। यह जिम्मेदारी प्रत्येक माता पिता, बुजुर्ग, शिक्षक व अन्य सभी प्रमुख व्यक्तियों की है कि, वे भ्रष्टाचार मुक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक बने और दूसरों को भ्रष्टाचार करने से रोकें व उन्हें शिक्षित करें। साथियों बात अगर हम केंद्र सरकार को मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रक्रिया की करें तो, शिकायतें केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के जरिये मिलती है, जो एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो नागरिकों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देता है।प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा विकसित और निगरानी रखी जाने वाली केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली हर दिन 24 घंटे उपलब्ध एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो केंद्र और राज्यों के सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ जुड़ा हुआ है।लोग वेब पोर्टल गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध मोबाइल एप या उमंग एप के द्वारा शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येकशिकायत पर विशिष्ट पंजीकरण आईडी मिलती है जिससे उपयोगकर्ता अपनी शिकायत निवारण प्रगति का पता कर सकते हैं। इसके अलावा 'माई ग्रीवांस' एप शिकायत दर्ज करने और इसकी प्रगति की जांच के लिए एक स्वतंत्र प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करता है। यदि कोई व्यक्ति शिकायत समाधान से असंतुष्ट है, तो वह शिकायत निपटान बंद होने के बाद फिर से अपील दायर कर सकता है। यदि प्रतिपुष्टि खराब की श्रेणी में चिह्नित कियाजाए तो अपील का विकल्प सक्रिय हो जाता है। शिकायत पंजीकरण संख्या के उपयोग से अपील की स्थिति की जानकारी मिल सकती है। इसके अलावा शिकायत निवारण की समय सीमा 30 दिन सेघटाकर 21 दिन कर दी गई है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

# दिल्ली दंगों के ठिठके हुए मुकदमे

सामयिक



**शाहीन सबा**

**आम आदमी पार्टी सरकार की निर्ममता और लापरवाही केंद्र सरकार से कम नहीं हैं। दंगाग्रस्त इलाकों में न्याय की बात हो या राहत की या फिर लोगों की नफरत मिटा कर सौहार्द के लिए प्रयास करना-तीनों कार्य राज्य की सरकार की जिम्मेदारी थी। लेकिन आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार इन सभी मुद्दों से मुंह मोड़े रही।**

दिल्ली विधान सभा के लिए मतदान हेतु तैयार है और पांच साल पहले भड़के उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगों का दर्द फिर उभर आया है। दंगों की बड़ी साजिश के आरोप में बहुत से लोग यूएपीए के तहत जेल में हैं और अभी उस मुकदमे का न्याय ठिठका हुआ है। वैसे पुलिस ने दंगे से जुड़े 758 मामले पंजीकृत किए थे। इनमें से एक स्पेशल सेल, 62 क्राइम ब्रांच और 695 उत्तर पूर्वी दिल्ली के विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। दिल्ली पुलिस में सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने दंगों से जुड़ी कुल 758 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें अब तक कुल 2619 लोगों की गिरफ़्तारी हुई थी, इनमें से 2094 लोग जमानत पर बाहर हैं। अदालत ने अब तक केवल 47 लोगों को दोषी पाया है और 183 लोगों को बरी कर दिया। वहीं 75 लोगों के खिलाफ पर्याप्त सबूत ना होने के कारण कोर्ट ने उनका मामला रद्द कर दिया है।

लगभग पांच वर्ष बीतने के बावजूद इनमें अभी 268 मामलों में जांच पूरी नहीं कर पाई है। पुलिस का रिकार्ड कहता है कि इनकी जांच चल रही हैं। जरा सोचें 1680 दिन बाद दंगे के कौन से साक्ष्य अब मिलेंगे? कुछ अर्जियां ऐसी भी हैं, जिन पर मामले दर्ज ही नहीं किए गए, क्योंकि उनमें कुछ बड़े नाम थे। विभिन्न थानों में दर्ज 57 मामले ऐसे भी हैं, जिनमें पुलिस के हाथ प्रमाण नहीं लगे और इन्हें बंद करने के लिए पुलिस ने अदालत से निवेदन किया। ऐसे 43 मामलों की क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है, जबकि 14 रिपोर्ट अभी विचाराधीन हैं। यह सच है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था का जिम्मा केंद्र सरकार का है, लेकिन न्याय और जेल राज्य सरकार के हाथों हैं। यह भी अब सामने आ चुका है कि दिल्ली हिंसा के पहले दिन ही बहुत सारे जागरूक लोग मनीष सिसोदिया सहित आप के बड़े नेताओं के घर गए थे कि हम सभी तनावग्रस्त इलाके में चलते हैं, ताकि लोगों को समझा कर शांत किया जा सके, लेकिन इन नेताओं ने इससे इनकार कर दिया था। विदित हो दिल्ली में विधान सभा चुनाव का नतीजा आने के तत्काल बाद ही दंगे हो गए थे। इस आशय का पत्र और तथ्य अब चार्जशीट का हिस्सा है।



दंगों के तत्काल बाद दिल्ली सरकार के दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने एक नौ सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी के चेयरमैन, सुप्रीम कोर्ट के वकील एमआर शमशाद, गुरमिंदर सिंह मथारू, तहमीना अरोड़ा, तनवीर काजी, प्रोफेसर हसीना हाशिया, अबु बकर सब्बाक, सलीम बेग, देविका प्रसाद तथा अदिति दत्ता, सदस्य थे।अल्पसंख्यक आयोग की नौ सदस्यीय जांच कमेटी ने दंगों में घोषित मुआवजे के लिए लिखे गए 700 प्रार्थनापत्रों का अध्ययन किया। अपने अध्ययन के बाद, कमेटी ने पाया कि अधिकतर मामलों में क्षतिग्रस्त जगह का दौरा भी नहीं किया गया है और जिन मामलों में जान माल के नुकसान को सही पाया गया है, उनमें भी बहुत कम धनराशि, अंतरिम सहायता के रूप दी गई है। दंगों के तुरंत बाद कई लोग घर छोड़ कर चले गए हैं, इसलिए बहुत से लोग, मुआवजे के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं। मुआवजे में भी सरकारी अधिकारी के मरने पर उनके परिवार वालों को एक करोड़ की रकम दी गई, जबकि आम नागरिकों की मौत पर केवल 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में कानून-व्यवस्था की ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है फिर भी दंगों में पीड़ितों को केंद्र सरकार की ओर से, दंगा पीड़ितों की कोई मदद नहीं की गई।

इस रिपोर्ट के मुताबिक 11 मस्जिद, पांच मदरसे, एक दरगाह और एक कब्रिस्तान को नुकसान पहुंचाया गया। मुस्लिम बहुल इलाकों में किसी भी गैर-मुस्लिम धर्म-स्थल को नुकसान नहीं पहुंचाया गया था। जबकि दिल्ली पुलिस ने अदालत में जो हलफनामा दिया है उसके अनुसार, इन दंगों में, कुल मृतक, 52 हैं, जिंसमे 40 मुस्लिम समुदाय के और 12 हिंदू समुदाय के हैं। इसी प्रकार घायलों की कुल संख्या, 473 है जिनमें से धर्म के आधार पर, 257 मुस्लिम और 216 हिंदू हैं। संपत्ति के नुकसान का जो आंकड़ा दिल्ली पुलिस ने हलफनामा में दिया है, उसके अनुसार, कुल 185 घर बर्बाद हुए हैं, जिनमे से 50 घर, मुस्लिम समुदाय के और 14 घर हिंदुओं के हैं। लेकिन इस हलफनामा में खजूरी खास और करावल नगर में हुए नुकसान का सांप्रदायिक आधार पर ब्रेक अप नहीं दिया गया। इसी प्रकार इन दंगों में दिल्ली पुलिस के हलफनामे के अनुसार, बर्बाद होने वाली 53.4 प्रतिशत दुकानें मुस्लिम समुदाय की हैं और 14 प्रतिशत हिन्दू समाज की।

इस बात के लिए दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार की भूमिका भी संदिग्ध है कि अप्रैल 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा दावा आयोग (एनईडीआरसीसी) के गठन के बावजूद, आज भी 2,790 दावे अनसुलझे हैं। तब की केजरीवाल सरकार द्वारा गठित इस आयोग को सरकार ने निर्देशित किया था कि परिवार के वयस्क सदस्य की मृत्यु पर 10 लाख रुपये, स्थायी विकलांगता के लिए 5 लाख रुपये, गंभीर चोटों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली चोटों के लिए 20,000 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही स्थायी आवासों और वाणिज्यिक इकाइयों के नुकसान के संबंध में, योजना में आवासीय इकाइयों को बड़ी क्षति के लिए 5 लाख रुपये, मध्यम क्षति के लिए 2.5 लाख रुपये और मामूली क्षति के लिए 25,000 रुपये का उल्लेख था। जबकि ई-रिक्शा को नुकसान के लिए 50,000 रुपये और मवेशी के लिए 5,000 रुपये देने का वादा था। बिना बीमा वाली वाणिज्यिक इकाइयों के लिए 5 लाख रुपये के मुआवजे की पेशकश थी।

वायदे-दावे आगे चल कर सरकार बनाम उप राज्यपाल के झगड़े में फंस गए। 25 अगस्त, 2022 को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दावों के निपटान में तेजी लाने के लिए आयोग में 40 नए हानि मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्त किया। उन्हें वित्तीय घाटे की सीमा का आकलन करने वाली रिपोर्ट संकलित करने और उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश करने के लिए कहा गया था। एलजी सक्सेना ने मौजूदा 14 मूल्यांकनकर्ताओं को 25 अगस्त की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर उन्हें सौंपे गए दावा निपटान पर अपनी रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। ऐसा कहा गया कि 40 नए मूल्यांकनकर्ताओं में से कुछ को सरकार द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारी के बारे में भी पता नहीं था। बहुत से लोगों ने काम ही नहीं शुरू किया। उधर आयोग के अधिकारी कहते हैं किएल जी द्वारा नियुक्त एसेस्मेंट टीम के 40 में से केवल 5 से ही उनका संपर्क हो पाया।

हालांकि यहां लोगों ने लाखों गंवाए हैं। लेकिन सरकार के मुआवजे के दावे और निर्दोष लोगों को न्यायिक सहयोग में आम आदमी पार्टी सरकार की निर्ममता और लापरवाही केंद्र सरकार से कम नहीं हैं। दंगाग्रस्त इलाकों में न्याय की बात हो या राहत की या फिर लोगों की नफरत मिटा कर सौहार्द के लिए प्रयास करना-तीनों कार्य राज्य की सरकार की जिम्मेदारी थी। लेकिन आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार इन सभी मुद्दों से मुंह मोड़े रही।

अमृतवाणी

## जीवन की जागीर

**तर्कशास्त्र** के विद्वान पंडित रामनाथ ने नवद्वीप के पास एक निर्जन वन में विद्यालय स्थापित किया था। उसमें वे विद्यार्थियों को शास्त्रों का ज्ञान दिया करते थे। उस समय कृष्ण नगर में महाराज शिवचंद्र का शासन था। महाराज नीतिकुशल होने के साथ विद्यानुरागी भी थे। उन्होंने पंडित रामनाथ की चर्चा सुनी। उन्हें यह जानकर दुःख हुआ कि ऐसा महान विद्वान गरीबी में दिन काट रहा है। महाराज स्वयं वहां गए। रामनाथ जी ने उनका उचित स्वागत किया। राजा ने उनसे पूछा, 'पंडित प्रवर! मैं आपकी क्या मदद करूं?' पंडित जी ने कहा, 'राजन! भगवत्कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए है, अब मैं पूर्ण हूं।' राजा कहने लगे, 'मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं।' पंडित जी बोले, 'घर के खर्च के बारे में गृहस्वामी मुझसे अधिक जानती हैं। यदि आप को कुछ पूछना हो तो उनसे पूछ लें।' राजा पंडित जी के घर गए और साध्वी गृहिणी से पूछा, 'माता जी घर खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं है?' उस परम साध्वी ने कहा, 'महाराज! भला सर्व समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्तों को क्या कमी रह सकती है?' राजा बोले, 'फिर भी माता जी...।' साध्वी बोलीं, 'महाराज! कोई कमी नहीं है। पहनने को कपड़े हैं, सोने के लिए बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। खाने के लिए विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। भला इससे अधिक की जरूरत भी क्या है?' राजा ने आग्रह किया, 'देवी, हम चाहते हैं कि आप को कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे होने वाली आय से गुरुकुल भी ठीक तरह से चल सकेगा और आप के जीवन में भी कोई अभाव नहीं होगा।' उत्तर में वह वृद्धा ब्राह्मणी मुस्कराई और कहने लगीं, 'प्रत्येक मनुष्य को परमात्मा ने जीवन रूपी जागीर पहले से ही दे रखी है। जो जीवन की इस जागीर को संभालना सीख जाता है, उसे फिर किसी चीज का कोई अभाव नहीं रह सकता।'



तीखी नजर

## पाप करने और धोने की व्यवस्था



अंशु प्रधान

हमारे यहां न सिर्फ पाप करने की व्यवस्था है, बल्कि पाप धोने तक की भी व्यवस्था है। इसके मद्देनजर नदियां हैं, कुएं हैं, तालाब भी हैं। दूसरे शब्दों में इस बात का एक अर्थ ये भी है कि हमेशा पाप करते रहना चाहिए और पाप करने से कभी डरना नहीं चाहिए। वैसे भी इस जगत में पाप किए बिना कोई पुण्य फलीभूत हो ही नहीं सकता। पुण्य का रास्ता ही पाप के रास्ते से होकर जाता है। धूप में दिया जलाने का भला क्या अर्थ इसी तरह पुण्य करते चले जाने का भी क्या अर्थ! ये बात आदमी भलीभांति जानता है इसलिए पाप करना इंसान का जन्मसिद्ध अधिकार है। पाप किए बिना आदमी की जिंदगी ही नहीं चल सकती। पाप किए बिना आप इस संसार में न तो तरक्की हासिल कर सकते हैं और न ही अच्छा आदमी बन सकते हैं। दुनिया में अच्छे आदमी वही हैं, जिनके हाथ में ताकत होती है और जहां ताकत होती है, वहां फिर सब अच्छा ही होता है।

जीवन में तरक्की यदा-कदा ही पुण्य कार्यों से हासिल हो जाए वो अलग बात है, वरना कौन है जो तरक्की के लिए दूसरों को गिरते हुए नहीं देखना चाहता। सफल होने के लिए बड़े पाप करने पड़ते हैं, झूठ बोलना पड़ता है, योग्यता के सर्टिफिकेट बनवाने पड़ते हैं। यहां तक कि चमचे तक खड़े करने पड़ते हैं, जो ठीक वक़्त और ठीक जगह पर बोल सकें कि आप से ज्यादा काबिल कोई दूसरा है ही नहीं। इसके अलावा न जाने कितने ही मुखौटे रखने पड़ते हैं और बाकायदा ध्यान रखना पड़ता है कि कब किस जगह पर कौन सा मुखौटा लगाना है। कितना हंसना है,कितना मुस्कुराना है, कितनी सहानुभूति जतानी है, जतानी है भी या नहीं।

दुनिया में पाप और पुण्य दोनों की ही दुकानें खूब चलती हैं। कोई आपको पाप से बचाने के उपाय बताने के लिए दुकानें सजाकर बैठा है तो कोई आपके पुण्य बढ़ाने के लिए दुकान लगाकर बैठा है आप जीवन भर कभी तो तराजू के इस पलड़े पर दिखते हैं, तो कभी उस पलड़े पर। जब तक आप में कुछ होता है ये दुनिया आपको तौलती ही रहती है। कभी आप भले आदमी के रूप में तौले जाते हैं तो कभी बुरेआदमी के रूप में तौले जाते हैं। कभी आपका मद बढ़ाया जाता है तो कभी आपको नीचे गिराया जाता तब तक जब तक कि आप बिल्कुल खाली नहीं हो जाते।

इस दुनिया में जो पाप धोने के किनारे हैं, वही पुण्य कमाने के भी किनारे हैं। मगर दुनिया में कोई भी किनारा ऐसा नहीं है जहां आदमी को आदमी होना सिखाया जाता हो। इंसान जिस किनारे पर पाप धोता है, उसी किनारे पर उसकी आंखें खूबसूरती ढूंढती हैं। मादकता और कामुकता कहीं न कहीं तो खोज ही निकालता है। भीड़ कम से कम इतना तो जरूर बताती है कि ये सभी वे लोग हैं जो पूरी तरह मानते हैं कि वे पापी हैं। कुछ किनारे ही हैं, जहां भीड़ में भी आदमी खुलकर कहता है कि उसने पाप किया है, बस ये किनारे पर भी उन्हीं किनारों में से हैं।

नजरिया

# धार्मिक स्थलों पर भगदड़ से उठते सवाल



सुनील तिवारी

**आस्था अपनी जगह है, लेकिन आस्था को कायम रखने के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। धार्मिक मेलों एवं आयोजनों पर प्रशासन को अब गंभीरता से निगाह रखने का तंत्र विकसित करना होगा, ताकि फिर ऐसी त्रासदी घटित न हो सके। भीड़ को रोकना होगा।**



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भगदड मचने से दर्जनों लोग असमायिक मौत के शिकार हो गए और सैकड़ों लोग घायल हो गए। समागम स्थलों पर भगदड़ और मौत के तांडव का यह कोई पहला मामला नहीं है। अभी कुछ दिन पूर्व ही आन्ध्र प्रदेश के तिरुपति के बैकुंठ द्वार में टिकेट केंद्र के पास भगदड़ मचने से कई लोगों की जान चली गई थी। इसके पहले 6 माह पूर्व भी उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मचने से सैकड़ों लोक काल के गाल में समा गए थे।

भारत में धार्मिक आयोजनों के दौरान इस तरह की घटनाएं होना आम बात हो गई है। अगर इस तरह की घटनाओं की लिस्ट बनाई जाए तो वह बहुत लंबी हो जाएगी। इस तरह की अक्सर होने वाली घटनाओं की रोकथाम के लिए संभावित उपायों पर प्रशासन की गंभीरता पर प्रश्न चिह्न लगाने वाली यह घटना है। सवाल यह उठता है कि इन दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति क्यों होती है? क्या हम पूर्व में हुई घटनाओं से कुछ नहीं सीखते हैं? क्यों इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ता है? निश्चित तौर पर छोटी सी लाहपरवाही लोगों की जिदंगी को ले डूबती है। चारों तरफ जय-जयकार की ध्वनि की बजाय हाहाकार की चीख पुकार सुनाई पड़ने लगती है। अफरा-तफरी में कई बच्चे, महिलाएं और वृद्ध भीड़ के पैरों तले कुचल दिए जाते हैं। दर्दनाक मौत का नजारा इससे भयानक और क्या हो सकता है? लेकिन सबक किसने लिया न जनता ने, न आयोजकों ने और न ही प्रशासन के आला आधिकारियों ने। इस त्रासदी के बाद एक बार फिर सवाल उठता है कि आखिर हम पुरानी घटनाओं से कोई सबक कब लेंगे। इन घटनाओं की आवृत्ति से यह बात भी सामने आती है कि आखिर क्यों हम इतनी भीड़ को बिना प्रशासन और जिम्मेदारी के एकत्रित कर लेते हैं। इस मामले में आयोजक को नियमों में क्यों नहीं बांधते? हर हादसे के बाद सरकार मुआवजा बांटती है, जांच बिठाती है, पर अपनी गलतियों को सुधारने का काम भूल जाती है। बार-बार के हादसों से भी हम सबक सीखने को तैयार नहीं हैं। यह इसलिए कहना पड़ रहा है, क्योंकि इस तरह की भगदड़ में सबसे कमजोर व्यक्ति की जान जाती है। फिर भी प्रशासन सोया रहता है।

भारत विविध आस्थाओं एवं पर्वों वाला देश है, जहां समय-समय पर इस तरह की भीड़ जुटती है। इस तरह के पर्वों पर जुटने वाली भीड़ किसी के निमंत्रण पर नहीं जाती और न ही इस बात का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि उस स्थान पर कितने लोग जुटेंगे। जैसे ही पर्व-त्यौहार आते हैं, अपनी श्रद्धा के अनुसार लोग पहुंचने लगते हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने का सबसे अच्छा उपाय तो यही है कि ऐसे अवसरों पर उमड़ने वाली भीड़ को नियोजित और अनुशासित करने के प्रशासकीय उपाय किए जाएं। अच्छा हो प्रशासन वहां पहुंचने वाले लोगों के समुचित मार्गदर्शन की व्यवस्था करे। सतर्कता के आवश्यक उपाय सुझाए। यह कदम हर उस समागम स्थल के लिए उठाए जाने चाहिए जहां आकस्मिक भीड़ उमड़ने की संभावना पर्व विशेष पर रहती है। आपदा प्रबंधन की आधुनिक तकनीक उपलब्ध होने के इस दौर में यह कोई कठिन काम नहीं है। राज्य एवं केंद्र के स्तर पर एकीकृत व्यवस्था का विचार भी किया जा सकता है। सिर्फ प्रशासन ही नहीं वहां पहुंचने वाले लोगों को भी अब अधिक सतर्क रहना चाहिए।

इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ असामाजिक तत्व इस तरह की भगदड़ मचाने का प्रयास करते हों, ताकि उसका लाभ उठाया जा सके। प्रशासन की सतर्कता का एक नजरिया यह भी होना चाहिए। फिर भी ऐसी भीड़भाड़ में लोगों के लिए अपनी सुरक्षा के प्रति खुद सतर्क रहना आवश्यक है। व्यापक इतंजाम करने की जिम्मेदारी आयोजकों से लेकर पुलिस प्रशासन की बनती है। आज धर्म और आस्था के नाम पर किसी विशेष त्यौहार व दिन के मौके पर, इन जगहों पर लोग भारी संख्या में जुटते हैं। आयोजकों, प्रशासकों के अलावा एक जिम्मेदारी स्वयं भक्तों की भी होती है। उन्हें अफवाहों पर ध्यान न देकर धैर्य व संयम बनाए रखना चाहिए, ताकि भीड़ में किसी भी अनहोनी घटना से बचा जा सके।ये त्रासदियां कोई प्राकृतिक आपदा नहीं हैं, बल्कि लापरवाही का नतीजा हैं। इसमें स्थानीय प्रशासन, धार्मिक संस्थान के प्रबंधन और भीड़ में शामिल लोगों की भूमिका होती है। भगदड़ मचने के जो कारण हो सकते हैं, वे सबको पता हैं। त्योहारों के दौरान धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ होना सामान्य सी बात है। भगदड़ मचने का खास कारण तो यही होता है कि किसी भी छोटे से स्थान विशेष पर हजारों और लाखों की संख्या में अनियंत्रित लोग एकत्रित हो जाते हैं। उन पर नियंत्रण रखने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होती। इस मामले में स्थानीय प्रशासन, मंदिरों या धार्मिक स्थलों की व्यवस्था से जुड़े लोग थोड़ी सी गंभीरता बरतें तो ऐसे हादसे नहीं हो सकते।

मेलों, मंदिरों और ऐसे आयोजनों में भीड़ नियंत्रण का कोई मॉडल तैयार नहीं किया गया है। सरकार को नीति तैयार करनी चाहिए। जहां भी भीड़ जुटने पर वह नीति स्वतः लागू मानी जानी चाहिए। पुलिस के जवानों को प्रशिक्षण आवश्यक है। आज की जरूरत है कि देश में ऐसे स्थानों की विस्तृत समीक्षा हो, जहां भारी भीड़ जुटती है। भीड़ को नियंत्रित करने का एक ठोस तंत्र विकसित हो। आस्था अपनी जगह है, लेकिन आस्था को कायम रखने के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। धार्मिक मेलों एवं आयोजनों पर प्रशासन को अब गंभीरता से निगाह रखने का तंत्र विकसित करना होगा ताकि फिर ऐसी त्रासदी घटित न हो सके।

## सार संक्षेप

### बंगाल टाइगर्स को हराकर सूरमा हॉकी क्लब हीरो हॉकी लीग के सेमीफाइनल में

**राउरकेला** : जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने बुधवार को पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग के अपने आखिरी पूल चरण के मैच में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ 1-1 से बराबरी के बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले गये मैच की शुरुआत में गुरजंत सिह ने (10वें) मिनट में गोल दागकर सूरमा को बढ़त दिलाई। टाइगर्स ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और चार मिनट शेष रहते उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह ने (56वें) मिनट में एक शक्तिशाली फ्लिक को गोल में डालकर बराबरी हासिल की और सूरमा को पेनल्टी शूटआउट के लिए मजबूर होना पड़ा। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के हरमनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और विक्टर वेगनेज ने पेनल्टी शूटआउट में गोल किया, जबकि विन्सेंट वनाश ने तीन गोल बचाकर खेल से बोनस अंक हासिल किया। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और हैदराबाद तूफान ने पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके है।

### चोटिल नोवाक जोकोविच ने डेविस कप से नाम लिया वापस



**बेलग्रेड** : हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने डेविस कप से अपना नाम वापस ले लिया हैं। जोकोविच को ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान चोट लगी थी और उन्हें एक सेट हारने के बाद मैच से रिटायर होना पड़ा था। सर्बिया शुक्रवार को पहले दौर के क्वालीफाइंग मुकाबले में डेनमार्क से खेलेगा। सर्बिया के कप्तान विक्टर ट्रॉकी ने कहा कि नोवाक के न खेलने से हम कमजोर हो गए हैं, लेकिन हम फिर भी जीत के लिए प्रयास करेंगे। डेनमार्क के पास होल्गर रूण के रूप में एक बेहतरीन खिलाड़ी है। उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ी भी बेहतरीन हैं और मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है।

### हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला हॉकी टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने यहां बताया कि इस लीग का आयोजान 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। लीग में भारतीय टीम इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से मुकाबला करेंगी। प्रत्येक टीम के बीच दो मैच होंगे। भारतीय टीम का पहला मैच 15 फरवरी को इंग्लैंड के साथ होगा। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी। वहीं फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान बनाया गया है। 24 सदसयीय भारतीय महिला टीम इस प्रकार है:- टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। मिडफील्ड के रूप में टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया हैं।

### लीजेंड 90 लीग ने टूर्नामेंट के लिए टीमों की घोषणा की, नामचीन खिलाड़ी शामिल

**रायपुर** : क्रिकेट के पूर्व दिग्गज की लीजेंड 90 लीग ने छह से 18 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए सभी सात फ्रेंचाइजी टीमों की घोषणा कर दी है। इस लीजेंड 90 लीग में छत्तीसगढ़ वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जायंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स सहित सात टीमों में पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच आदि जैसे क्रिकेट के दिग्गज शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ वारियर्स में मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायुडू जैसे मार्की खिलाड़ी हैं, जबकि दिल्ली रॉयल्स में रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कमान हरभजन सिंह के हाथों में होगी, जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन दुबई जायंट्स के लिए खेलेंगे। लीग में शामिल दिग्गज खिलाड़ियों के बारे में बात करते हुए, लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवैन शर्मा ने कहा कि हम क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े दिग्गजों के साथ एक बार फिर मैदान पर इस तरह के अनूठे और गतिशील प्रारूप की मेजबानी करके रोमांचित हैं। प्रशंसक कौशल, सौहार्द और मनोरंजन के रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं।

### एनएसडीसी, डीए वन स्पोर्ट्स मिलकर क्रिकेट कोचों को बनाएंगे और कुशल

**नई दिल्ली** : राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), एड-टेक प्लेटफॉर्म कोललर्न और शिखर धवन के डीए वन स्पोर्ट्स के सहयोग से, विभिन्न स्तरों पर खिलाड़ियों को सलाह देने की क्षमता बढ़ाने के लिये देश भर में क्रिकेट कोचों को कौशल प्रशिक्षण देना शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। एनएसडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एनएसडीसी इंटरनेशनल (एनएसडीसीआई) के प्रबंध निदेशक वेद मणि तिवारी ने कहा कि यह पहल केवल तकनीकी कौशल बढ़ाने के बारे में नहीं है, यह उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के बारे में है, जो सभी स्तरों पर खिलाड़ियों को प्रभावी ढंग से सलाह देने के लिये कोच तैयार करता है। जैसे-जैसे खेल उद्योग में कुशल प्रशिक्षकों की मांग बढ़ती जा रही है, यह जरूरी है कि हम क्रिकेट में कोचिंग के मानकों को ऊंचा उठाएं।

# उत्तराखंड का खाता खुला, ज्योति ने वुशू में जीता पहला पदक

● उत्तराखंड, ब्यूरो

**38वें** राष्ट्रीय खेलों में बुधवार को उत्तराखंड का खाता खुल गया। मार्शल आर्ट वुशू की चांगक्वान प्रतियोगिता में राज्य की ज्योति वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य को पहला पदक मिलने पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने बधाई दी है। इससे पहले 38वें राष्ट्रीय खेलों में बुधवार को वुशू स्पर्धाओं का दीप प्रज्जवलित कर भारतीय वुशू संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा व अन्य पदाधिकारियों ने उद्घाटन किया। वहीं राज्य को पहला पदक दिलाने वाली ज्योति बागेश्वर जिले की हैं। वह अपने गृह जनपद में ही पुलिस में तैनात हैं। प्रतियोगिता में मणिपुर, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, बिहार, गोवा और उत्तराखंड ने प्रतिभाग किया। खेल मंत्री ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की है। उत्तराखंड की टीमें दूसरे खेलों में भी पदक जीतेंगी।



38वें राष्ट्रीय खेलों में बुधवार को वुशू स्पर्धाओं का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते भारतीय वुशू संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा व अन्य पदाधिकारी।

### तैराकी में कर्नाटक ने पहले दिन जीते पांच स्वर्ण



राष्ट्रीय खेल

कर्नाटक के तैराकों ने 38वें राष्ट्रीय खेल के पहले दिन बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पादक जीते। यहां पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी स्पर्धा में कर्नाटक के श्रीहरि नटराज ने 1:50.57 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक ही अनीश एस गौड़ा 1:52.42 के साथ रजत और केरल के साजन प्रकाश ने 1:53.73 कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी स्पर्धा में कर्नाटक की उभरती हुई स्टार धीनिधि देसिंघु ने 2:03.24 का समय लेकर राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की भव्या सचदेवा 2:08.68 के समय साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि महाराष्ट्र की अदिति सतीश हेगड़े ने 2:09.74 समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में तमिलनाडु के बेनेडिक्शन रोहित ने 53.89 सेकंड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। हालांकि वे रिकॉर्ड से थोड़ा चूक गए। महाराष्ट्र के मिहिर अम्ब्रे ने 54.24 के समय के साथ रजत पदक जीता। केरल के साजन प्रकाश 54.52 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में कर्नाटक ने की धीनिधि देसिंघु ने 1:03.62 के समय के साथ राज्य के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। टीम की साथी नैशा शेट्टी ने 1:04.81 के साथ रजत पदक जीता और ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय ने 1:05.20 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुषों की 4 गुणा100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले दौड़ में आकाश मणि, चिनतन एस शेट्टी, अनीश एस गौड़ा और श्रीहरि नटराज की कर्नाटक की पुरुष टीम ने नया मीट रिकॉर्ड (3:26.26) बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु 3:29.92 के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद गुजरात 3:32.23 के साथ तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 4गुणा100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले स्पर्धा में नीना वेंकटेश, शालिनी आर दीक्षित, लतिशा मंदाना और धिनिधि देसिंघु की कर्नाटक की महिला रिले टीम ने 4:01.58 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की टीम ने (4:02.17) समय के साथ रजत और तमिलनाडु की टीम ने (4:08.81) समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### राष्ट्रीय खेल : वॉलीबॉल में केरल और बंगाल जीते

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत बुधवार को ऊधमसिंह नगर के मनोज सरकार स्टेडियम में महिला वालीबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। पहले मैच में केरल ने पश्चिम बंगाल जबकि दूसरे मैच में राजस्थान ने हिमाचल को सीधे सेटों में 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। बहुद्देशीय हॉल में आयोजित पहला मैच केरल और पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया। केरल के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही पश्चिम बंगाल की टीम पर दबाव बनाया जो अंत तक कायम रहा। केरल ने 25-22, 25-15 और 25-11 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच राजस्थान और हिमाचल के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। अंत में राजस्थान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हिमाचल को 25-18, 25-22 और 25-21 के अंकों से मात दी।



### रमिता का 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में शानदार प्रदर्शन

हरियाणा की रमिता जिंदल ने 38वें राष्ट्रीय खेल में महिला 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में विश्वस्तरीय प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने बुधवार को त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुए इस मुकाबले में 634.9 स्कोर किया, जो पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में कोरिया की बान जोजिन के 634.5 स्कोर से बेहतर था। इसी स्कोर के साथ मेहुली घोष ने 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। रमिता ने 0.4 अंकों के अंतर से महाराष्ट्र की आर्या बोरसे को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। तमिलनाडु की नर्मदा राजू महज 0.1 अंक से पीछे रहकर तीसरे स्थान पर रहीं। केरल की विदर्सा के विनोद, जो एक समय शीर्ष पर थीं, 633.0 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। फाइनल में जगह बनाने वाली अन्य खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल (632.0), गुजरात की इलावेनिल वलारिवान (631.9), कर्नाटक की मेघना सज्जनार (631.2) और ओडिशा की मन्यता सिंह (630.1) शामिल हैं। गुरुवार को होने वाला यह फाइनल मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां हर निशानेबाज के धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। पंजाब के विजयवीर सिंह सिद्धू ने बुधवार को रैपिड फायर पिस्टल में 587 अंक हासिल किए, जो अगर उन्होंने पेरिस ओलंपिक में बनाया होता तो उन्हें फाइनल में जगह मिल जाती। वहां उन्होंने 583 अंक बनाए थे। अन्य फाइनलिस्टों में हरियाणा के अनीश भनवाला (582), सर्विसेज के नीरज कुमार (579), राजस्थान के भवेश शेखावत (577), सर्विसेज के ओंकार सिंह और गुरप्रीत सिंह (574-574) शामिल हैं। लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हिमाचल प्रदेश के विजय कुमार फाइनल में जगह बनाने के करीब थे, लेकिन अंतिम सीरीज में उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा।

अगर उन्होंने चार सेकंड की सीरीज में 90 के बजाय 94 अंक हासिल किए होते, तो छठे स्थान के लिए शूट-ऑफ की स्थिति बन सकती थी।

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया और नाइजीरिया ने आयरलैंड को हराया

### महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले

● बांगी, वार्ता

**महिला** अंडर-19 टी-20 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबलों में बुधवार को श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 12 रनों से हराया। वहीं दिन के एक अन्य मुकाबले में नाइजीरिया की टीम ने शानदार प्रर्शन करते हुए आयरलैंड को छह रनों से शिकस्त दी।

यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 98 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी ने टीम के लिए सर्वाधिक (19) रन बनाये। सुमुदु निसानसाला (18), कप्तान मनुडी नानायक्कारा (15) और हिरुनी हंसिका (14) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंचा सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लिली बैसिंगथवेइट ने तीन विकेट लिये। हसरत गिल और टेगन विलियमसन ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इसके बाद 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 23 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। केट पेले (एक), इनेस मैक्कियन (10) और कप्तान लुसी हैमिल्टन (10) रन बना कर आउट हुई। काओइमहे ब्रे ने टीम के लिए सर्वाधिक (27) रन बनाये। एलेनोर लारोसा (18) रन बनाकर आउट हुई। ग्रेस लियोन्स ने (नाबाद 10) रनों की पारी खेली। श्रीलंका की कसी हुई गेंदबाजी के आगे ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 87 रन ही बना सकी और 12 रन से मुकाबला हार गई। श्रीलंका की ओर से चामोदी प्रबोदा, प्रमुदी मेथसारा और असेनी थलागुने ने दो-दो विकेट लिये। वहीं दिन के एक अन्य मुकाबले में नाइजीरिया की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को छह रनों से हराया। नाइजीरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में सात विकेट पर 94 रन बनाये। क्रिस्टाबेल चुक्वुओनी ने (25), ओमोसिघो एगुआकुन और पी अगबोया ने (17-17) रन बनाये। लक्की पेटी ने (12) रन बनाकरआउट हुई। आयरलैंड की ओर से किआ मेकार्टनी ने दो विकेट लिये। एली मैक्गी, नियाम मैकनल्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ख्वाजा और स्मिथ ने जड़े शतक

### पहले टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट खोकर बनाए 330 रन

### स्टीव स्मिथ ने अपने 10 हजार टेस्ट रन पूरे किए

**गाले (श्रीलंका), वार्ता** : उस्मान ख्वाजा (नाबाद 145) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 104) की शतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को दो विकेट पर 330 रनों बना कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। यहां टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान ख्वाजा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 92 रन जोड़े। 15वें ओवर में प्रभात जयसूर्या ने ट्रेविस हेड को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ट्रेविस हेड ने 40 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (57) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नस लाबुशेन महज (20) पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। जेफ्री वैंडरसे ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान स्टीव स्मथ ने ख्वाजा के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अपने-अपने शतक पूरे किये। उस्मान ख्वाजा ने 210 गेंदा में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 147) रन बनाये। वही स्टीव स्मिथ ने 188 गेंदा में 10 चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 104) रन बनाये। इसी दौरान स्टीव स्मिथ ने अपने 10 हजार टेस्ट रन पूरे किए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बन गये।



# आईपीएल सीजन के लिए धर्मशाला तैयार

## तीन आईपीएल मैचों की मेजबानी हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट के लिए एक बड़ा बढ़ावा

● शिमला, वार्ता


**हिमाचल** प्रदेश के धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आगामी आईपीएल-2025 सीजन में तीन रोमांचक मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जैसा कि आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने अपनी बिलासपुर यात्रा के दौरान घोषणा की थी। यह घोषणा लुहणू क्रिकेट ग्राउंड में एमपी खेल महाकुंभ के उद्घाटन पर की गई।

धूमल ने साझा किया कि धर्मशाला को इस सीजन के कुछ सबसे रोमांचक मैच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास पूरे जोरों पर हैं। पिछले साल, स्टेडियम ने दो आईपीएल खेलों की मेजबानी की थी, जिसमें पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच खेला था। इस सीजन में, एक अतिरिक्त मैच से रोमांच बढ़ने की उम्मीद है, जो हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तीन आईपीएल मैचों की मेजबानी हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट के लिए एक बड़ा बढ़ावा है, जिससे स्थानीय प्रशंसकों को टूर्नामेंट के हाई-ऑक्टेन एक्शन का आनंद लेने का अधिक अवसर मिलता है। यह सुरम्य स्टेडियम, जो अपनी आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि के लिए जाना जाता है, खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच समान रूप से पसंदीदा बन गया है। धूमल ने एक क्रिकेट गंतव्य के रूप में धर्मशाला के महत्व पर जोर दिया और आईपीएल 2025 के लिए यादगार मैच देने की इसकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। इस कदम से राष्ट्रीय क्रिकेट मानचित्र पर क्षेत्र की प्रतिष्ठा बढ़ने और प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक अनुभव प्रदान करने की उम्मीद है।



### रणजी ट्रॉफी : विराट कोहली ने आधे घंटे नेट्स पर बैटिंग की

**नई दिल्ली, वार्ता** : भारतीय बैटर विराट कोहली 12 साल के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं। नवबंर 2012 के बाद अपना पहला रणजी ट्रॉफी मुकाबले से पहले कोहली नेट्स पर जमकर पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने बुधवार को भी जमकर मैदान पर पसीना बहाया। रणजी ट्रॉफी 2024-25 का अगला राउंड 30 जनवरी से शुरू होगा। इसमें कोहली रेलवे के खिलाफ दिल्ली के लिए खेलेंगे। कोहली सुबह 8 बजे अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे। इसके बाद उन्होंने एक घंटा से ज्यादा समय जिम में बिताया। फिर वे मैदान में आए और खिलाड़ियों के साथ वॉर्म-अप किया, फिर बैटिंग शुरू कर दी। वहीं, कोहली के क्रेज को देखते हुए बीसीसीआई ने दिल्ली और रेलवे के बीच खेले जाने वाले इस मुकाबले को लाइव करने का फैसला किया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)